

# सब का सपना



निष्पक्ष व निडर- हिंदी दैनिक समाचार पत्र

अभिषेक 900 रेटिंग का आंकड़ा पार करने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बने -पेज: 7

मनोज बाजपेयी ने किया कन्फर्म 'द फैमिली मैन के सीजन 3 पर चल रहा काम -पेज: 8

वर्ष: 01 | अंक: 168 | गुरुवार 25 सितंबर 2025 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2 रुपए


## अमित शाह ने गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में जलभराव की समस्या को लेकर बैठक की

**नई दिल्ली (एजेंसी):** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को अपने लोकसभा क्षेत्र गांधीनगर में जलभराव की समस्या से निपटने के उपायों पर चर्चा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। गुजरात दौरे पर आए शाह ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों को अगले कुछ वर्षों में उनके निर्वाचन क्षेत्र में जलभराव की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया है कि अधिकारियों ने राज्य की राजधानी में हुई बैठक में इस समस्या के समाधान के लिए एक कार्ययोजना उनके सामने प्रस्तुत की। शाह ने प्रस्तुति की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। बाद में, कलोल कस्बे में एक कार्यक्रम में शाह ने कहा, गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में जलभराव की समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। अगले साल तक इस समस्या का काफी हद तक समाधान हो जाएगा।

# मोदी मंत्रिमंडल के फैसलों ने बिहार में बाजी पलट दी, रेलवे, हाईवे प्रोजेक्ट्स को मंजूरी, रेलकर्मियों को 78 दिन का बोनस

**पटना (एजेंसी):** केंद्रीय मंत्रिमंडल के आज लिए गए फैसले केवल बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में बड़े कदम नहीं हैं, बल्कि इनके निहितार्थ सीधे-सीधे राजनीति और चुनावी समीकरणों से भी जुड़े हुए हैं। विशेषकर बिहार में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए इन निर्णयों का खासा महत्व है। हम आपको बता दें कि कैबिनेट के आज के फसलों में बिहार के दो बड़े प्रोजेक्ट भी हैं। इनमें बख्तियारपुर-राजगीर-तिलैया रेलवे लाइन के दोहरीकरण की मंजूरी और साहेबगंज-अरेराज-बेतिया खंड को चार लेन का बनाने का प्रस्ताव है। रेलवे परियोजना से नालंदा, राजगीर और गया-नवादा जैसे आकांक्षी जिलों को सीधी राहत मिलेगी। ये वे क्षेत्र हैं जहां विकास की कमी लंबे समय से एक चुनावी मुद्दा रही है। धार्मिक और पर्यटन दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों तक तेज और सुविधाजनक रेल पहुंच न



केवल आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाएगी बल्कि स्थानीय रोजगार व स्वरोजगार के अवसर भी खोलेगी। इससे ग्रामीण बिहार का वह तबका प्रभावित होगा, जो परंपरागत रूप से रेलवे से अपनी आजीविका जोड़कर देखता है। सड़क परियोजना की बात करें तो एनएच-139डब्ल्यू को चार लेन का बनाने का निर्णय उत्तर बिहार की जीवनरेखा साबित हो सकता है। चंपारण, गोपालगंज और सीवान जैसे जिलों में यह निवेश सीधे-सीधे ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कृषि उत्पादों की बाजार तक पहुंच और सीमा पार व्यापार को प्रभावित करेगा। यह वही इलाका है, जहां भाजपा और एनडीए गठबंधन की चुनावी पकड़ बनाए रखना चुनौतीपूर्ण रहा है। नई सड़क से यात्रा समय में भारी कमी, पर्यटन सर्किट को प्रोत्साहन और लाखों रोजगार सृजन का वादा चुनावी भाषा में विकास की गारंटी के रूप में पेश किया जाएगा। इसके अलावा, रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों का

**हम आपको बता दें कि बिहार रेलवे कर्मचारियों का बड़ा केंद्र रहा है**

**इसके अलावा, रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों का उत्पादकता से जुड़ा बोनस मंजूर करना भी राजनीतिक दृष्टि से बेहद अहम है। हम आपको बता दें कि बिहार रेलवे कर्मचारियों का बड़ा केंद्र रहा है और उनका सामाजिक-राजनीतिक प्रभाव काफी व्यापक है।**

उत्पादकता से जुड़ा बोनस मंजूर करना भी राजनीतिक दृष्टि से बेहद अहम है। हम आपको बता दें कि बिहार रेलवे कर्मचारियों का बड़ा केंद्र रहा है और उनका सामाजिक-राजनीतिक प्रभाव काफी व्यापक है। त्योहारी सीजन से ठीक पहले बोनस की घोषणा भाजपा-एनडीए के लिए गुडविल फैक्टर बन सकती है। इसके अलावा, जहाज निर्माण और समुद्री क्षेत्र में 69,725 करोड़ रुपये के निवेश का फैसला बिहार से सीधे तौर पर न जुड़ते हुए भी राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा की बुनियादी ढांचा निमार्ता वाली छवि को मजबूत करेगा। यह पैकेज भारत की भू-रणनीतिक शक्ति को भी रेखांकित करता है और उद्योगपति वर्ग से लेकर रोजगार तलाशने वाले युवाओं तक, सबके लिए एक सकारात्मक संदेश देता है। राजनीतिक दृष्टि से देखें तो इन फैसलों का समय बेहद महत्वपूर्ण है। बिहार चुनाव से पहले यह संदेश देना कि केंद्र सरकार न सिर्फ. राज्य के लिए बल्कि पूरे देश के लिए बड़े-बड़े फैसले ले रही है, भाजपा के चुनावी अभियान का मुख्य आधार बनेगा। नीतीश कुमार की जदयू और अन्य सहयोगी दलों के लिए भी ये घोषणाएं वोटरों के बीच ठोस काम दिखाने का अवसर प्रदान करती हैं। बुनियादी ढांचे की दृष्टि से ये निर्णय लंबे समय में लाभकारी होंगे। रेलवे और सड़क परियोजनाएं रसद लागत घटाएंगी, पर्यावरणीय लाभ देंगी और व्यापारिक कनेक्टिविटी को बढ़ाएंगी। वहीं जहाज निर्माण पैकेज भारत को वैश्विक नौवहन प्रतिस्पर्धा में नई पहचान देगा। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि आज के मंत्रिमंडलीय फैसले भाजपा-एनडीए गठबंधन को चुनावी धरातल पर मजबूती देंगे और बिहार की जनता को यह विश्वास दिलाने की कोशिश करेंगे कि विकास की गाड़ी सही पटरी पर है। सवाल यही है कि क्या मतदाता इसे ठोस परिवर्तन के रूप में महसूस करेंगे, या इसे चुनावी राजनीति का हिस्सा मानकर सीमित प्रभाव देंगे। चुनाव का असली इम्तिहान इसी पर निर्भर करेगा।

## उत्तराखंड में किसानों को बड़ा तोहफा, सुगंध क्रांति नीति से मिलेगी 80% सब्सिडी

**उत्तराखंड (एजेंसी):** उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने मंगलवार को राज्य सुगंध क्रांति नीति 2026-2036 को मंजूरी दे दी, जिसका उद्देश्य राज्य भर में सुगंधित फसलों की खेती को बढ़ावा देना है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई बैठक में रोडमैप को अंतिम रूप दिया गया, जिसके तहत 22,750 हेक्टेयर भूमि पर सुगंधित फसलों की खेती का लक्ष्य रखा गया है, जिससे पहले चरण में लगभग 91,000 किसानों को लाभ मिलेगा। सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने बताया उत्तराखंड सुगंध क्रांति नीति 2026-2036 के तहत, पहले चरण में 91,000 लाभार्थियों के माध्यम से 22,750 हेक्टेयर भूमि को सुगंधित फसलों से आच्छादित करने का लक्ष्य है। नीति के अनुसार,



किसानों को एक हेक्टेयर तक की खेती की लागत पर 80 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी। एक हेक्टेयर से अधिक भूमि वाले किसानों को 50 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी ताकि अधिक से अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा सके। इस कदम से राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में, मंत्रिमंडल ने पाँच निःशुल्क शैक्षिक टीवी चैनलों के स्टूडियो स्थापित करने हेतु आठ नए पदों के सृजन को मंजूरी दी। ये चैनल राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) द्वारा पीएम ई-विद्या कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित किए जा रहे हैं। इस कदम का उद्देश्य डिजिटल शिक्षा के सुचारू संचालन और बेहतर पहुँच को सुनिश्चित करना है। कैबिनेट ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 1,872 किफायती मकानों के निर्माण हेतु 27.85 करोड़ रुपये जारी करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। ये मकान ऊधमसिंह नगर के रुद्रपुर स्थित बागवाला में जिला विकास प्राधिकरण द्वारा निम्न आय वर्ग के लोगों को आवास सुविधा प्रदान करने के लिए बनाए जा रहे हैं। पिछले हफ़्ते, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा की थी कि आपदा प्रभावित धराली के सेब किसानों को राहत पहुँचाने के लिए राज्य सरकार उनसे निर्धारित दरों पर सेब खरीदेगी। सरकार 'रॉयल डिलीशियस' किस्म के सेब 51 रुपये प्रति किलो और 'रेड डिलीशियस' व अन्य किस्मों के सेब 45 रुपये प्रति किलो की दर से खरीदेगी।

## ट्रंप के बयान पर खरगे का पीएम मोदी पर कटाक्ष: 'जिस दोस्त का ढिंढोरा पीटा, वही देश को संकट में डाल रहा हैं'

**पटना (एजेंसी):** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हालिया टिप्पणियों को लेकर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जिनको मेरे दोस्त बताकर ढिंढोरा पीटते हैं, वही दोस्त आज भारत को अनेक संकट में डाल रहे हैं। उन्होंने कहा, "पटना में हो रही कार्य समिति की यह बैठक बेहद महत्वपूर्ण है। हम ऐसे समय में मिल रहे हैं, जबकि अन्तराष्ट्रीय और राष्ट्रीय, दोनों स्तरों पर भारत एक बेहद चुनौतीपूर्ण और चिंताजनक दौर से गुजर रहा है।" खरगे ने आरोप लगाया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारी मुसीबतें नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार की नाकामी और कूटनीतिक विफलता का नतीजा हैं। उन्होंने कटाक्ष किया, " प्रधानमंत्री जिनको



मेरे दोस्त बताकर ढिंढोरा पीटते हैं, वही दोस्त आज भारत को अनेक संकट में डाल रहे हैं।" ट्रंप ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में अपने संबोधन में कहा था कि चीन और भारत रूसी तेल खरीद कर यूक्रेन में रूसी युद्ध के "प्राथमिक वित्तपोषक" हैं। ट्रंप प्रशासन ने रूसी तेल की खरीद के लिए भारत पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क (टैरिफ) लगाया है, जिससे अमेरिका द्वारा भारत पर लगाया गया कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया है, जो दुनिया में सबसे अधिक है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक बार फिर यह दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाया था। ट्रंप ने कहा, मैंने सात युद्ध समाप्त करवाये, जिनमें अनगिनत लोग मारे गए हैं। इसमें कंबोडिया-थाईलैंड, कोसोवो-सर्बिया, कांगो-रवांडा, पाकिस्तान-भारत, इजराइल-ईरान, मिस्र-इथियोपिया तथा आर्मेनिया-अजरबैजान युद्ध शामिल हैं।" इस साल 10 मई को, जब ट्रंप ने सोशल मीडिया पर घोषणा की थी कि वाशिंगटन की मध्यस्थता में हुई बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल" संघर्ष विराम के लिए सहमत हो गए हैं, तब से उन्होंने लगभग 50 बार यह दावा दोहराया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव घटाने" में मदद की है। भारत लगातार यह कहता रहा है कि पाकिस्तान के साथ संघर्ष समाप्त करने पर सहमति दोनों सेनाओं के सैन्य संचालन महानिदेशकों के बीच सीधी बातचीत के बाद बनी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी संसद में स्पष्ट कर चुके हैं

## हाथों में संविधान, जुबान पर हाइड्रोजन बम की बात, पटना में वोट चोरी को लेकर अब क्या बोले राहुल गांधी?

**पटना (एजेंसी):** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा संविधान को खत्म कर रही है। मैंने हाइड्रोजन बम की बात की थी वो आएगा... वो आएगा और फिर आपको भाजपा की सच्चाई, जो इन्होंने पूरे देश में किया है बिहार में करने की कोशिश कर रहे थे लेकिन युवाओं ने इनको रोक दिया है उसकी सच्चाई सबको पता लगेगी। हाथों में संविधान उठाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मैंने हाइड्रोजन बम की बात की है, वो आ रहा है... 'वोट चोरी' का हाइड्रोजन बम आने के बाद बीजेपी की सच्चाई पूरे देश के सामने आ जाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में 20 साल से नीतीश कुमार की सरकार है, लेकिन उन्होंने अतिपिछड़ा समाज को न्याय दिलाने के लिए फैसले नहीं लिए। हमने अतिपिछड़ा समाज के साथ बैठक की, समाज के लोगों से बात की और 'अतिपिछड़ा न्याय संकल्प' तैयार कर



दिया। नीतीश कुमार सिर्फ वोट ले रहे थे और बदले में अतिपिछड़ा समाज के हक की आवाज दबा रहे थे। हमारा वादा है कि सरकार बनते ही अतिपिछड़ा न्याय संकल्प को लागू करेंगे। पटना में आयोजित कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की विस्तारित बैठक के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने सत्तारूढ़ एनडीए पर अपना हमला तेज कर दिया और व्यापक चुनावी कदाचार और संस्थागत तोड़फोड़ का आरोप लगाया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा राहुल जी ने कहा है कि अगले एक महीने में अलग-अलग जगहों पर मिनी हाइड्रोजन बम, हाइड्रोजन बम, प्लूटोनियम बम और दूसरे बम गिराए जाएँगे। महादेवपुरा तो बस शुरूआत थी। बैठक में मौजूद अनहैया कुमार ने कहा हालांकि कई विषयों पर चर्चा हुई, लेकिन बैठक का मुख्य फोकस 'वोट चोरी' और बिहार था... स्वतंत्रता संग्राम से लेकर पहली बार बिहार में सरकार बनने तक, हम राज्य में औद्योगीकरण लाए।

## नीतीश सरकार चुनाव से पहले ऐसे वादे कर रही है जिन्हें पूरा नहीं कर सकती: जन सुराज

**बिहार (एजेंसी):** प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी (जेएसपी) ने मंगलवार को आरोप लगाया कि बिहार की नीतीश कुमार सरकार विधानसभा चुनाव से पहले वित्तीय रूप से अव्यवहारिक योजनाओं की घोषणा कर रही है, जिससे राज्य की आर्थिक स्थिति पर गंभीर बोझ पड़ेगा और जिन्हें पूरा नहीं कर सकती है। पार्टी के प्रवक्ता पवन के वर्मा ने संवाददाताओं से कहा कि सरकार की ओर से किए गए ऐसे वादों का कुल अनुमानित खर्च लगभग 33,000 करोड़ रुपये है। उन्होंने दावा किया कि राज्य पर पहले से ही 4,06,476 करोड़ रुपये का बकाया कर्ज है। वर्मा ने आरोप लगाया, बिहार की गैर-जिम्मेदाराना राजग सरकार ऐसे वादे कर रही है, जिन्हें पूरा करने की उसकी क्षमता नहीं है। यह जनता को गुमराह करने जैसा कार्य है। उन्होंने कहा, हमारे संविधान में परिकल्पित लोकतंत्र में सरकार से अपेक्षा की जाती है कि वह पांच वर्षों तक काम करे। लेकिन यह सरकार अपने कामकाज के बजाय, आखिरी



समय में नुकसान की भरपाई के तौर पर मुफ्तखोरी बांट रही है। वर्मा ने निर्वाचन आयोग और उच्चतम न्यायालय से राज्य सरकार के लापरवाह कदम पर संज्ञान लेने की अपील की। जद(यू) नेता अशोक चौधरी द्वारा प्रशांत किशोर को भेजे गए 100 करोड़ रुपये की मानहानि नोटिस के संबंध में वर्मा ने कहा, यह उनके लिए स्वागतयोग्य कदम है। चौधरी के पास इसके अलावा और कोई विकल्प नहीं था। वह निश्चित रूप से चुप नहीं रह सकते थे। यदि उनके पास हमारे आरोपों का कोई तथ्यात्मक जवाब होता तो वह संवाददाता सम्मेलन कर सफाई पेश करते। उन्होंने कहा कि किशोर के पास अपने आरोपों के समर्थन में सभी दस्तावेज

**पार्टी के प्रवक्ता पवन के वर्मा ने संवाददाताओं से कहा कि सरकार की ओर से किए गए ऐसे वादों का कुल अनुमानित खर्च लगभग 33,000 करोड़ रुपये है। उन्होंने दावा किया कि राज्य पर पहले से ही 4,06,476 करोड़ रुपये का बकाया कर्ज है।**

और सबूत मौजूद हैं। वर्मा ने कहा, यह तो बस शुरूआत है...आगे और बड़े खुलासे होंगे। वर्मा ने आरोप लगाया, नीतीश कुमार का अब अपने मंत्रिमंडल पर नियंत्रण नहीं है। उनके व्यक्तित्व में आमूल-चूल परिवर्तन आ गया है। वह कभी तीक्ष्ण बुद्धि और सिद्धांतों वाले नेता हुआ करते थे, लेकिन अब उनके खराब स्वास्थ्य का फायदा उठाकर उनके सहयोगी और मंत्री सत्ता का दुरुपयोग कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं।

# मन्दिर हमारी एकात्मकता, अन्तर्चेतना की जागृति का केन्द्र हैं: दत्तात्रेय होसबाले

**बाराबंकी (एजेंसी):** बरेठी में नारायण सेवा संस्थान के लक्ष्मी नारायण मंदिर के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि हमारे मन्दिर मात्र पुण्य कमाने अर्थात माँगने का स्थान नहीं, बल्कि अन्तर्चेतना जागृति का केन्द्र है। मन्दिर मनुष्य के अंदर की चेतना को जागृत रखने से लेकर दूसरे के कष्ट को दूर करने, लोगों की सेवा करने का भाव जगाता है। सरकार्यवाह जी ने कोरोना महामारी का उल्लेख करते हुए कहा कि संकट काल में कई बार अच्छे काम भी सृजित हो जाते हैं। कुछ समय पूर्व मानवता के सामने आयी महामारी कोरोना के समय लोगों की सेवा करने, रोजगार देने का काम कई संस्थाओं ने किया। संघ के स्वयंसेवकों ने भी उस समय लोगों को सेवाएं देने का काम किया। उसी से प्रेरणा लेकर कुछ समय बाद नारायण संस्था बनी, जिसके परिसर में आज हम उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि समाज में कार्य करने वाली कोई भी संस्था अपने बैंक बैलेंस से नहीं, बल्कि उसको चलाने वालों के मन, बड़प्पन और कार्यों से बड़ी होती है। कोरोना काल से शुरू हुई संस्था न्यास बन गई, इस गांव में अन्यान्य कार्य करते हुए मंदिर स्थापना हुई। मन्दिर निर्माण का उल्लेख करते हुए कहा कि मंदिर अन्तर्चेतना जागृत करने के लिए हैं। किसी ने पूछा, ईश्वर जड़-



चेतन में हैं, सर्वत्र हैं, तो मंदिर में जाकर ही पूजा क्यों करना? तो एक भक्त ने उत्तर दिया कि आपकी साइकिल में हवा कम होती है तो आप पम्प से हवा क्यों भरते हैं? हवा तो सर्वत्र है। ऐसे ही भगवान सर्वत्र हैं, लेकिन मन्दिर आवश्यक है। मंदिर की कल्पना स्पष्ट है। जनमानस में शिल्पकलाओं और एकत्रीकरण का भाव जगाते हैं। हमारे मन्दिर एकात्मकता के केन्द्र हैं। मन्दिर की स्थापना मात्र ईंट-पत्थर की संरचना नहीं, बल्कि आगम शास्त्र के अनुरूप शास्त्रोक्त है। मन्दिर व्यक्ति को परमेष्ठि से जोड़ने का काम करते हैं। दत्तात्रेय

**सरकार्यवाह जी ने कोरोना महामारी का उल्लेख करते हुए कहा कि संकट काल में कई बार अच्छे काम भी सृजित हो जाते हैं। कुछ समय पूर्व मानवता के सामने आयी महामारी कोरोना के समय लोगों की सेवा करने**

होसबाले ने मंदिर केंद्रित ग्राम विकास को लेकर कहा कि समाजसेवी अन्ना हजारे जी ने मन्दिर केन्द्रित ग्राम विकास कार्य की शुरूआत रालेगण सिद्धि गांव में जनचेतना जगाकर की। एक बार पूछने पर उन्होंने बताया था कि यह प्रेरणा उन्हें मंदिर केंद्रित व्यवस्था से मिली है। इसी तरह एक स्वयंसेवक ने सरकारी नौकरी छोड़कर कर्नाटक के एक गांव में 900 साल प्राचीन सीताराम मंदिर के आसपास गंदगी और कुव्यवस्था को दूर कर मन्दिर की शिल्पकला पर पुस्तिका बनवायी और केवल 5 वर्षों में ही वह मंदिर ग्राम चेतना का केंद्र बन गया। गाँवों का विकास स्वास्थ्य, शिक्षा केंद्रित हो। देश के प्रधानमंत्री भी ग्राम विकास और कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे हैं। संघ के स्वयंसेवक भी यह काम लगातार कर रहे हैं। गांव में ही पढ़ाई, दवाई और रोजगार मिले, इसके लिए सामाजिक संस्थाओं को काम करना चाहिए। भारत के पुनर्निर्माण का कार्य केवल दिल्ली में नहीं, बल्कि गाँवों से होना चाहिए। नारायण ही चेतन व अचेतन दोनों अवस्था हैं। नर सेवा से ही नारायण सेवा है। इसके अनुरूप हमारी दृष्टि होनी चाहिए। लक्ष्मी-नारायण प्रकृति और पुरुष के तादात्म्य हैं। सरकार्यवाह जी ने कहा कि कौटिल्य कहते हैं - "धर्मस्य मूलं अर्थः" धर्म का आधार अर्थ है और ह्लसुखस्य मूलं धर्मःह्व सुख का आधार धर्म है। जीवन और धन का सम्बन्ध नाव और पानी जैसा है। नाव को चलाने के लिए पानी आवश्यक है। लेकिन यदि वही पानी नाव में घुस जाए तो वह डूब जाती है। वैसे ही जीवन को चलाने के लिए धन जरूरी है

## संपादकीय

# जाति से मुक्ति का मार्ग

अगर यह प्रयास गंभीर है और इसका अनुपालन भी उतनी ही गंभीरता से होने वाला है, तो इसकी दिल खोल कर प्रशंसा की जानी चाहिए। उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस रिकॉर्ड. और सार्वजनिक नोटिसों से सभी जातिगत संदर्भों को तत्काल हटाने का आदेश दिया है। वाहनों पर जाति-आधारित स्टिकर लगवाने या नारे लिखवाने वालों पर भी मोटर वाहन अधिनियम के तहत जुमार्ना लगाने का आदेश दिया गया है। हालांकि यह कार्रवाई स्वतः स्फूर्त होने की बजाय इलाहाबाद हाई कोर्ट के रोष से बचने के लिए की गई है। सभी जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को इस बाबत निर्देश दे दिए गए हैं। इसका उद्देश्य जाति-आधारित भेदभाव खत्म करना है। कार्यवाहक मुख्य सचिव दीपक कुमार ने निर्देश दिया है कि आरोपियों की जाति पुलिस रजिस्टरों, केस विवरण, गिरफ्तारी दस्तावेज या पुलिस थानों के नोटिस बोर्ड. पर दर्ज नहीं की जानी चाहिए। यह निर्देश हाई कोर्ट के आदेश के अनुपालन में जारी किया गया है, और तत्काल प्रभाव से लागू है। आदेश देख कर लगता है कि जैसे उत्तर प्रदेश को जातियों के जंजाल से मुक्ति मिलने ही वाली है। अधिकारियों को कस्बों और गांवों में ऐसे बोर्ड.या संकेत हटाने के लिए भी कहा गया है, जो जातिगत पहचान का महिमामंड़न करते हैं, या क्षेत्र या जाति विशेष से संबंधित बताते हैं।



राज्य में राजनीतिक उद्देश्यों वाली जाति-आधारित रैलियों और सार्वजनिक कार्यक्रमों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, जबकि जातिगत गौरव या घृणा को बढ़ावा देने वाली सोशल मीड़िया सामग्री पर कड़ी नजर रखी जाएगी। प्रवीण छेत्री बनाम उत्तर प्रदेश राज्य और अन्य के मामले में हाईकोर्ट ने पुलिस को आरोपी व्यक्तियों की जाति का उल्लेख नहीं करने का निर्देश दिया था और राज्य को सार्वजनिक और ड़िजिटल माध्यमों में जाति का महिमामंड़न रोकने का निर्देश दिया। सवाल है कि क्या आदेश का अनुपालन संभव हो पाएगा? हजारों सालों से यूपी ही नहीं, पूरे देश में जातिगत भेदभाव का कीड़ा लगा हुआ है। नाम से पहले 'जाति' पूछने की मानसिकता का क्या होगा? आज भी कथित ऊंची जातियों के गांवों में कोई 'छोटी जात' वाला कुर्सी पर नहीं बैठ सकता। इन लोगों का शादियों में घोड़ी चढ़स्ना आज भी भारी पुलिस सुरक्षा के बिना संभव नहीं है। इस आदेश के अनुपालन के लिए भारी जोर-जबरदस्ती देखने को मिलने वाली है। यह बुराई इतने गहरे पैठ चुकी है कि लोग पिट कर भी गौरवान्वित महसूस करेंगे।

## चिंतन-मनन

# वाणी का शरीर पर प्रभाव

-प्रसन्नता से होता है शरीर पुष्ट एवं प्रोध से होती है हानी

मानव शरीर में अनेक ग्रंथियां होती हैं,पियूष ग्रंथि मस्तिष्क में होती है, उससे 12 प्रकार के रस निकलते है, जो भावनाओं से विशेष प्रभावित होती हैं। जब व्यक्ति प्रसन्नचित होता है, तो इन ग्रनथियों से विशेष प्रकार के रस बहने लगते है, जिससे शरीर पुष्ट होने लगता है, बुद्धि विकसित होती है, रक्त गति सामान्य रहती है। जब मनुष्य अधिक बोलता है, तो रक्त की गति अनावश्यक प्रभावित होती है। जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है,खून के थक्के बनने लगते है । इसी प्रकार प्रोध अधिक करने से खून का बहाव कम हो जाता है, खून जमने की शक्ति बढ़ जाने से मृत्यू भी संभव है। अपने जीवन में ज्यादा बोलना अभिशाप हो सकता है। अधिक बोलने से पाचन क्रिया पर गलत प्रभाव पड़ता है, शरीर की अधिक शक्ति खर्च होती है, पेट की माँसपेशियां खिचने लगती है, पाचन रस ग्रंथियों से नही निकलता, शरीर में विटामिन, खनिज तत्व एवं हार्मोन्स की कमी हो जाती हैं। शरीर रोगी हो जाता है, मानसिक दुर्बलता आ जाती है, स्वभाव चिड़चिड़ा हो जाता है, याददाश्त कमजोर हो जाती है, अतःवाणी का प्रभाव शरीर पर पड़ता है। हर प्राणी को अपना जीवन झूठा, बनावटी, जोर जोर से बोलने बाला ना बना कर शांत चित बनाना चाहिए ।

**आवश्यकता है**

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552

# 1,700 सरेंडर और 466 मौतेंः छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद का तांडव थमा...



सत्यप्रकाश दुबे

छत्तीसगढ़, जो अपनी समृद्ध खनिज संपदा और घने जंगलों के लिए जाना जाता है, लंबे समय से नक्सलवाद की चपेट में रहा है। बस्तर, बीजापुर, नारायणपुर, कांकेर और दंतेवाड़ा जैसे जिले लंबे समय से माओवादी गतिविधियों का केंद्र रहे हैं। नक्सलवाद ने राज्य की सामाजिक-आर्थिक प्रगति को बाधित किया है, ग्रामीण विकास योजनाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्टों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। लेकिन दिसंबर 2023 से राज्य में नई सरकार के सत्ता में आने के बाद से नक्सलवाद के खिलाफ अभियान में जबरदस्त तेजी देखी जा रही है। विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने सत्ता संभालने के तुरंत बाद ही नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए ठोस रणनीतियाँ अपनाई। राज्य सरकार और सुरक्षा बलों की रिपोर्टों के अनुसार, दिसंबर 2023 से अब तक लगभग 1,700 नक्सलियों ने सरेंडर किया है, जबकि मुठभेड़ों में 466 नक्सली मारे जा चुके हैं। यह आंकड़े न केवल सुरक्षा बलों की कार्यक्षमता बल्कि सरकार की नीति और नक्सलियों को मुख्यधारा में लाने की रणनीति की सफलता को भी दशार्ते हैं। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद विरोधी अभियानों की गति पिछले दो वर्षों में अभूतपूर्व रही है। ह्यपुना मार्गमह्ल नीति के तहत सरेंडर करने वाले नक्सलियों को पुनर्वास और आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इस नीति से न केवल माओवादी संगठनों की रीढ़ कमजोर हो रही है, बल्कि कई प्रमुख कैडर मुख्यधारा में लौट रहे हैं। जुलाई 2025 तक पिछले 15 महीनों में 1,521 नक्सलियों ने सरेंडर किया था, और उसके बाद अगस्त-सितंबर में भी दर्जनों सरेंडर की घटनाएं दर्ज हुईं। उदाहरण के लिए, 27 अगस्त 2025 को बीजापुर जिले में 30 नक्सलियों ने हथियार डाले, जिससे जिले में जनवरी से अब तक सरेंडर की कुल संख्या 307 हो गई। सरेंडर की यह लहर माओवादी संगठनों के लिए गंभीर चुनौती साबित हो रही है। इसका मुख्य कारण सुरक्षा बलों की सक्रियता के साथ-साथ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देना है। नक्सल प्रभावित जिलों में सड़कों, स्वास्थ्य केंद्रों, स्कूलों और जल आपूर्ति परियोजनाओं का तेजी से निर्माण होने से आम जनता का नक्सलियों से मोहभंग हुआ है। मुठभेड़ों में नक्सलियों की मौतों का आंकड़ा भी बेहद प्रभावशाली है। दिसंबर 2023 से 9 सितंबर 2025 तक 454 नक्सली मारे गए, और उसके बाद 12 सितंबर को गरियाबंद जिले में 10 नक्सलियों के मारे जाने से यह संख्या 464 हो गई। सबसे ताजा और महत्वपूर्ण मुठभेड़ 22 सितंबर 2025 को नारायणपुर जिले के अबुझमाड़ क्षेत्र में हुई, जहां सुरक्षा बलों ने दो शीर्ष नक्सली नेताओं झ्र कट्टा रामचंद्र रेड्डी (उर्फ राजू दादा) और कदरी सत्यनारायण रेड्डी (उर्फ कोसा दादा) झ्र को मार गिराया। इन दोनों नेताओं पर 40-40 लाख रुपये का इनाम था और वे सीपीआई (माओवादी) की सेंट्रल कमिटी के सदस्य थे। इस मुठभेड़ में एके-47, इंसास राइफल, बीजीएल लॉन्चर और विस्फोटक सामग्री बरामद हुई। यह घटना न केवल नक्सलियों के नेतृत्व पर बड़ा प्रहार थी, बल्कि यह सुरक्षा बलों की कार्यक्षमता और रणनीतिक दक्षता का भी प्रमाण है। इस मुठभेड़ के बाद 2025 में मारे गए नक्सलियों की संख्या 249 हो गई। वर्षवार ब्रेकडाउन पर नजर डालें तो 2024 में छत्तीसगढ़ में 219 नक्सली मारे गए, जो राज्य गठन के बाद का सर्वाधिक आंकड़ा है। 2025 में अब तक बस्तर संभाग में 212, जबकि अन्य क्षेत्रों में 29 से अधिक मौतें हुई हैं। प्रमुख मुठभेड़ों में 21 मार्च 2025 को बीजापुर और कांकेर में 30 नक्सली ढेर हुए, जबकि 21 मई को नारायणपुर में 27 नक्सलियों की मौत हुई, जिसमें टॉप लीडर बसवराजू शामिल था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस अभियान को लाल आतंक की रीढ़ तोड़ने वाला करार दिया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के जरिए न केवल माओवादी संगठनों की गतिविधियों पर रोक लगी है, बल्कि यह नक्सल प्रभावित जिलों में विकास कार्यों को भी गति प्रदान कर रहा है। राज्य सरकार ने 30 नए फॉरवर्ड बेस स्थापित करने की योजना पर काम किया है, जिससे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास दोनों ही मजबूत होंगे। विशेषज्ञ मानते हैं कि सरेंडर और मुठभेड़ों की यह लहर नक्सलवाद को कमजोर कर रही है। यह सिर्फ एक सुरक्षा अभियान नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक सुधारों का मिश्रित प्रयास है, जो नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की जनता को मुख्यधारा में जोड़ रहा है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों को पुनर्वास की सुविधा देना केवल सरकारी सहायता तक सीमित नहीं है। इनके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार और अन्य आर्थिक अवसर सुनिश्चित किए जा रहे हैं। इससे नक्सलियों को पुनः हिंसक गतिविधियों में शामिल होने से रोकने का प्रयास किया जा रहा है। बस्तर और अन्य नक्सल प्रभावित जिलों में सड़क, बिजली, पानी और स्कूल जैसे बुनियादी ढांचे के विकास ने स्थानीय जनता के जीवन स्तर को सुधारा है। इससे नक्सलियों के लिए समर्थन जुटाना कठिन हो गया है। विकास और सुरक्षा का यह मिश्रित मॉडल दुनिया भर के अन्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए उदाहरण पेश करता है। सरेंडर की यह लहर सामाजिक स्तर पर भी बदलाव ला रही है। नक्सलियों का मुख्यधारा में लौटना गांवों में शांति स्थापित कर रहा है। इसके अलावा, सरेंडर करने वाले नक्सली अब स्थानीय विकास कार्यों में भी योगदान दे रहे हैं। इससे ग्रामीणों में यह संदेश गया है कि हिंसा छोड़ कर भी सम्मान और अवसर पाया जा सकता है। सरेंडर और मुठभेड़ों की यह सफलता माओवादी संगठन के लिए मानसिक और रणनीतिक झटका साबित हो रही है। शीर्ष नेतृत्व की मौतें और कैडरों का मुख्यधारा में लौटना संगठन की कार्यकुशलता और अनुशासन को कमजोर कर रहा है। छत्तीसगढ़ पुलिस और सीआरपीएफ ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में फॉरवर्ड बेस स्थापित कर उनकी निगरानी और सक्रियता बढ़ाई है। नक्सलियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और स्थानीय खुफिया तंत्र को भी मजबूत किया गया है। मुठभेड़ों में सुरक्षा बलों की सफलता का श्रेय उनके प्रशिक्षण, रणनीतिक योजना और स्थानीय सहयोग को जाता है।

# मुद्दाः शोधार्थियों को प्रोत्साहन की कमी



प्रमोद भार्गव

पक्षियों के पंख अपने आप में संपूर्ण रूप में विकसित होते हैं, लेकिन हवा के बिना कोई भी पक्षी उड़ान नहीं भर सकता। यही स्थिति भारत में नवाचारी प्रयोगधर्मियों के साथ रही है। उनमें कल्पनाशील असीम क्षमताएं हैं, लेकिन कल्पनाओं को आकार देने के लिए प्रोत्साहन एवं वातावरण नहीं मिल पाता है। हालांकि 11 साल से सत्तारूढ़ मोदी सरकार ने इस वातावरण के निर्माण में अकल्पनीय काम किया है, किंतु अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अनर्गल फैसलों के चलते जरूरी हो गया है कि हम अपने उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्यनरत विद्यार्थियों की मौलिक सोच को शोध की दिशा में प्रेरित करें।

हाल में ट्रंप ने नासा और नेशनल साइंस फाउंडेशन जैसे शोध विकास संस्थानों के बजट में 50 प्रतिशत से ज्यादा की कटौती कर दी है। एच-1बी वीजा की शुल्क में आवेदन के लिए एक लाख डॉलर यानी करीब 86 लाख रुपये के अतिरिक्त भुगतान करने की शर्त लगा दी है। इस किस्म के वीजा के सबसे ज्यादा लाभार्थी वे दक्ष युवा भारतीय हैं, जो अमेरिका की आईटी कंपनियों में नौकरी के इच्छुक रहते हैं। ट्रंप भविष्य में ऐसे और कानूनी उपाय कर सकते हैं, जिनसे युवा उद्यमियों को अवसर मिलने में कमी आए। अतएव भारत को ऐसे कल्पनाशील शोधार्थियों को बढ़ावा देना जरूरी है, जिनमें नवाचारी प्रतिभा है। हालांकि नासा और नेशनल फाउंडेशन के बजट में कटौती के बाद यूरोप ने 'चूज यूरोप फॉर साइंस' थीम पर मई-2025 में बैठक कर दुनिया के शोधार्थियों के लिए अपने संस्थानों के द्वार खोल दिए हैं। खंस और भारत ने बजट बढ़ा दिया है। चीन पूर्व से ही स्कूल स्तर पर छात्रों की मौलिक सोच एवं नूतन आविष्कार की संभावनाओं की पहचान कर छात्रों को अनुसंधान की दिशा में उन्मुक्त करने लग गया है। भारत ने नेशनल रिसर्च फाउंडेशन बना कर एक लाख करोड़ की धनराशि आवंटित की है जिससे शोध की सोच को आविष्कार के रूप में साकार किया जा सके।

दरअसल, हमारी अब तक दिक्कत यह रही है कि हम खुद न अपने आविष्कारकों को प्रोत्साहित नहीं करते हैं, और न ही उन्हें मान्यता देते हैं। इन प्रतिभाओं के साथ हमारा व्यवहार भी कमोबेश उपहासपूर्ण अभद्र रहता है। हालांकि अब निरंतर ऐसी प्रामाणिक सूचनाएं मीडिया में आ रही हैं, जिनसे निश्चित होता है कि प्राचीन भारत विज्ञान की दृष्टि से अत्यंत समृद्धशाली था। संस्कृत ग्रंथों से यही ज्ञान अंग्रेजी, फारसी और अरबी भाषाओं में अनूदित होकर पश्चिम पहुंचा और वहां के कल्पनाशील जिज्ञासुओं ने भारतीय सिद्धांतों को वैज्ञानिक रूप में ढाल कर अनेक आविष्कार व सिद्धांत गढ़ कर पेटेंट करा लिए। इनमें से ज्यादातर पश्चिमी वैज्ञानिक उच्च शिक्षित नहीं थे।

आविष्कारक शोधार्थी को जिज्ञासु एवं कल्पनाशील होना जरूरी है। कोई शोधार्थी कितना भी शिक्षित क्यों न हो, कल्पना बिना मौलिक या नूतन आविष्कार नहीं कर सकता। शिक्षा संस्थानों से विद्यार्थी जो शिक्षा ग्रहण करते हैं, उसकी एक सीमा होती है। वह उतना ही बताती-सिखाती है, जितना हो चुका है। आविष्कार कल्पना की वह श्रृंखला है, जो हो चुके से आगे की अर्थात कुछ नितांत नूतन करने की जिज्ञासा को आधार-तल देती है। जब लब्ध-प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों की जीवन-गाथाओं को पढ़ते हैं, तो पता चलता है कि न तो वे उच्च शिक्षित थे, न ही वैज्ञानिक संस्थानों में काम करते थे और न ही उनके ईद-गिर्द विज्ञान-सम्मत परिवेश ही था। उन्हें प्रयोग करने के लिए प्रयोगशालाएं भी उपलब्ध नहीं थीं। गोया, हम कह सकते हैं कि मौलिक प्रतिभा जिज्ञासु के अवचेतन में कहीं छिपी होती है। इसे पहचान कर गुणीजन या शिक्षक प्रोत्साहित कर कल्पना को पंख देने का माहौल दें तो भारत की ग्रामीण धरती से अनेक वैज्ञानिक-आविष्कारक निकल सकते हैं। इस दिशा में एक अच्छी पहल आईआईटी, मद्रास में 'सोच का पाठ' पढ़ाने के पाठ्यक्रम शुरू करने के साथ की है। यदि शिक्षक विद्यार्थी के अवचेतन में पैठ बनाए बैठे इस कल्पनाशील सोच को पहचानने में सफल होते हैंङ्क तो इस पाठज्क्रम की सार्थकता निकट भविष्य में सिद्ध हो जाएगी।

दुनिया में वैज्ञानिक और अभियंता पैदा करने की दृष्टि से भारत का तीसरा स्थान है। भारतीय शोधार्थियों का वैश्विक प्रतिशत 2 हैं, चर्चित शोध-पत्रों की प्रस्तुति में हमारा योगदान 2.4 प्रतिशत है। प्रसन्नता की बात है कि 29 प्रौद्योगिकी संपन्न देशों में भारत का स्थान पांचवा है। भारत ने उस प्रत्येक परिस्थिति को चुनौती



और अवसर माना जो दूसरे देशों ने हमारे सामने पेश की। रूस ने भारत को अंतरिक्ष मिसाइल प्रक्षेपण से जुड़े क्रायोजनिक इंजन की तकनीक देने से मना कर दिया था। तब एपीजे अब्दुल कलाम ने इसे देशज संसाधनों से विकसित किया और आज हम अंतरिक्ष में प्रमुख वैश्विक शक्ति हैं। इसी तरह 1987 में अमेरिका ने हमें सुपर कंप्यूटर देने से मना कर दिया था। तब भौतिक शास्त्री विजय पांडुरंग भटकर ने इस स्थिति को चुनौती माना और भारत का पहला सुपर कंप्यूटर परम स्वयं की मेधा से विकसित किया। अतएव ट्रंप के अवरोधों को हमें अवसर के रूप में देखने की जरूरत है।

(लेख में विचार निजी हैं)

# अन्त्योदय नये भारत का आधारः वंचित के उत्थान का संकल्प

भारत की सांस्कृतिक और दार्शनिक चेतना में सदैव यह विचार रहा है कि समाज की वास्तविक उन्नति तभी संभव है जब समाज का सबसे अंतिम व्यक्ति-वह व्यक्ति जो सबसे अधिक उपेक्षित, वंचित और अभावग्रस्त है, उसके जीवन में भी सुख, सम्मान और समृद्धि का प्रकाश पहुँचे। यही विचारधारा अंत्योदय के रूप में प्रकट हुई। अंत्योदय केवल एक नारा या कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह समाज-जीवन के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत है। अंत्योदय दिवस इसी दर्शन की याद दिलाने और उसे व्यवहार में उतारने का अवसर है। यह दिवस हर वर्ष 25 सितम्बर को मनाया जाता है, क्योंकि यही पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मतिथि है। दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय के सिद्धांत को भारतीय राजनीति और समाज के केन्द्र में स्थापित किया। उन्होंने कहा था कि राजनीति का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्ति नहीं, बल्कि उस सत्ता का उपयोग समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन को बेहतर बनाने के लिए होना चाहिए।

आज गांव, गरीब और स्वराज में दीनदयाल उपाध्याय की ही सोच आगे बढ़ रही है कि आज भारत में लोकतंत्र की चाल, चेहरा और चरित्र बदला जा रहा है तथा आस्थाओं की राजनीति को बल देते हुए जाति-धर्म का उन्माद नियंत्रित किया जा रहा है। महात्मा गांधी, आंबेडकर और दीनदयाल उपाध्याय आज इसलिए भारत निर्माण की नई व्याख्याओं में सबसे आगे हैं। वसुधैव कुटुम्बकम एवं सर्वधर्म सद्भाव का विचार आज सर्वाधिक बलशाली बन कर दुनिया के लिये आदर्श बन गया है। अंत्योदय दिवस मनाने का मूल उद्देश्य हमें यह स्मरण कराना है कि लोकतंत्र का वास्तविक अर्थ तभी साकार होता है जब समाज का अंतिम व्यक्ति भी राष्ट्रीय विकास यात्रा में शामिल हो सके। यह दिवस हमें यह प्रेरणा देता है कि योजनाएँ और नीतियाँ केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि उनका लाभ उस व्यक्ति तक पहुँचे जो वर्षों से उपेक्षा, गरीबी और अभाव का शिकार रहा है। आज भारत नए शिखरों की ओर अग्रसर है। आर्थिक विकास, तकनीकी प्रगति और वैश्विक पहचान निरंतर बढ़ रही है। लेकिन यदि यह प्रगति समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति तक नहीं पहुँचती, तो यह विकास अधूरा है। इसलिए अंत्योदय दिवस हमें विकास के मानवीय आयाम की याद दिलाता है। यह नागरिकों और नीति निमार्ताओं को वंचितों का समर्थन करने की जिम्मेदारी का अहसास कराता है। सामाजिक न्याय को बढ़ावा देता है, और पूरे देश में समावेशी विकास को प्रोत्साहित करता है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितम्बर 1916 को हुआ था। वे भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में से एक थे और एक प्रखर चिंतक, दार्शनिक तथा समाज सुधारक थे। उनका सबसे बड़ा योगदान था-एकात्म मानववाद और




अंत्योदय का दर्शन। एकात्म मानववाद का अर्थ था कि मनुष्य को केवल आर्थिक इकाई न माना जाए, बल्कि उसके जीवन के सभी आयामों-शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक का संतुलित विकास हो। उनका 'एकात्म मानववाद' का दर्शन व्यक्तिगत और सामूहिक कल्याण, सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता तथा आत्मनिर्भरता पर केंद्रित था। अंत्योदय का अर्थ था विकास की कसौटी पर यह देखना कि समाज में सबसे अंतिम व्यक्ति का जीवन कितना सुधर रहा है। उन्होंने कहा था कि हमारी योजनाओं और प्रयासों की सफलता तभी मानी जाएगी जब सबसे अंतिम व्यक्ति तक उसका लाभ पहुँचे। दीनदयाल जी का यह दर्शन महात्मा गांधी की 'अंतिम जन' की अवधारणा से भी जुड़ा है। गांधीजी कहा करते थे कि किसी भी निर्णय से पहले यह सोचना चाहिए कि उसका लाभ सबसे अंतिम और सबसे कमजोर व्यक्ति तक पहुँचेगा या नहीं। दीनदयाल उपाध्याय ने इसी विचार को राजनीतिक और आर्थिक विमर्श का आधार बनाया। आज जबकि समूची देश एवं दुनिया में संघर्ष की स्थितियां बनी हुई हैं, हर कोई विकास की दौड़ में स्वयं को शामिल करने के लिये लड़ने की मुद्रा में है, कहीं सम्प्रदाय के नाम पर तो कहीं जातीयता के नाम पर, कहीं अधिकारों के नाम पर तो कहीं भाषा के नाम पर संघर्ष हो रहे हैं, ऐसे जटिल दौर में भी अभाव, उपेक्षा एवं संघर्षरत लोगों के लिये पंडित उपाध्याय का 'अंत्योदय' एवं एकात्म मानववाद ही सबसे माकूल हथियार नजर आ रहा है।

'अंत्योदय' का शाब्दिक अर्थ है-'अंतिम व्यक्ति का उदय'। इसका व्यावहारिक अर्थ है कि गरीब को जीवन की बुनियादी आवश्यकताएँ मिलें, किसान, श्रमिक, दलित, आदिवासी और वंचित वर्ग की समस्याओं का समाधान हो, समाज में कोई भी उपेक्षित या निराश्रित न रहे और आर्थिक असमानता घटे गरीबी का संबोधन खत्म हो ताकि सभी को समान अवसर मिलें। यह केवल आर्थिक उत्थान तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, मानवीय गरिमा और आत्मनिर्भरता की स्थापना का भी संदेश है। आज भारत गरीबमुक्ति की ओर अग्रसर होकर इसी विचार एवं दर्शन को मजबूती दे रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म दिवस को अंत्योदय दिवस के रूप में मनाने निर्णय इसलिये लिया गया कि उन्होंने जीवनभर वंचितों, गरीबों और समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए चिंतन और कार्य किया। उनका जीवन तपस्या और सादगी का प्रतीक था। वे स्वयं किसी प्रकार की व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से दूर थे, लेकिन समाज के लिए समर्पित थे।

आज जब भारत 'सशक्त भारत' और 'नए भारत' के निर्माण की दिशा में बढ़ रहा है, तब अंत्योदय का महत्व और भी बढ़ जाता है। भारत में अब भी करोड़ों लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन कर रहे हैं। अंत्योदय यह मांग करता है कि शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएँ हर गरीब और वंचित तक पहुँचें। यह भी सुनिश्चित करना चाहता है कि हर हाथ को काम मिले और हर परिवार आत्मनिर्भर हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आधार बनाकर 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का मंत्र दिया है। यह मंत्र अंत्योदय की ही आधुनिक व्याख्या है। वर्तमान समय में अंत्योदय का दर्शन और भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि वैश्वीकरण और बाजारवाद की दौड़ में गरीब और उपेक्षित वर्ग अक्सर पीछे छूट जाता है। केवल अमीर और सशक्त वर्ग ही विकास का लाभ उठा पाते हैं। यदि समाज का अंतिम व्यक्ति भूखा सोता है, तो हमारी प्रगति अधूरी है। यदि एक किसान आत्महत्या करने को विवश होता है, तो हमारी नीतियाँ अधूरी हैं। यदि आदिवासी, दलित या श्रमिक अब भी शोषण का शिकार हैं, तो हमारा लोकतंत्र अधूरा है। अंत्योदय इन सभी समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करता है। यह हमें याद दिलाता है कि सच्चा विकास वही है, जिसमें हर कोई भागीदार बने।

भारतीय समाज एवं राष्ट्र को सुखी, संपन्न एवं मंगलकारी बनाने के निमित्त 'एकात्म मानव-दर्शन' व 'अन्त्योदय' की अद्भुत संकल्पना देने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्र-निमार्ता एवं समाज-सुधारक महा व्यक्तित्व थे। आज की भारतीय जनता पार्टी उन्हीं के सिद्धान्तों को अग्रसर करते हुए उन्नत, सशक्त एवं विकसित भारत को आकार दे रही है। उन्होंने भारत के जन-मन-गण को गहराई में आत्मसात करते हुए न केवल वैचारिक क्रांति की बल्कि व्यक्ति-क्रांति के भी प्रेरक बने। उनके दर्शन में आज भारत की संस्कृति और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के साथ-साथ मानव को केंद्र-बिंदु में रखकर ही राष्ट्र एवं समाज स्थापना की प्रेरणा मिलती है। सहृदयता, बुद्धिमता, सक्रियता एवं अध्यवसायी वृत्ति वाले पंडित उपाध्याय एक व्यक्ति नहीं, अपितु एक विचार, एक संस्था और जीवन-शैली हैं। भारत और भारतीयता उनके जीवन और चिंतन का आवृत्त है। राष्ट्रसेवा को सर्वोपरि मानने वाले और राष्ट्र एवं समाज के प्रति आजीवन समर्पित रहने वाले पंडितजी ने अपने मौलिक चिंतन से राष्ट्र-जीवन को प्रेरित और प्रभावित किया।

अंत्योदय दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि राष्ट्र की शक्ति का वास्तविक स्त्रोत वह अंतिम व्यक्ति है जो आज भी अभावों में जी रहा है। यदि उसका जीवन सुधरता है, तभी भारत वास्तव में समृद्ध और सशक्त बन सकता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय दर्शन आज भी हमारे लिए पथप्रदर्शक है। यह केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि मानवीयता का धर्म है। हमें यह संकल्प लेना होगा कि किसी भी योजना, किसी भी नीति या किसी भी प्रयास का केन्द्र सदैव समाज का अंतिम व्यक्ति होगा। अंत्योदय दिवस का संदेश यही है कि नए भारत का निर्माण तभी संभव है जब वंचित और उपेक्षित व्यक्ति का जीवन बदल जाए, जब हर चेहरे पर मुस्कान और हर जीवन में सम्मान हो।

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

# राज्य मंत्री के0पी0 मलिक ने की विकास कार्यों की समीक्षा





**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले में राज्य मंत्री, वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन, के0पी0मलिक की अध्यक्षता में विधायक हसनपुर महेंद्र सिंह खड़गवंशी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, पुलिस अधीक्षक द्वारा जनप्रतिनिधियों को बुके देकर एवं शॉल भेंट कर स्वागत किया गया। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जाए। प्रभारी मंत्री ने पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए जा रहे विशिष्ट अतिथिगृह के बारे में जानकारी प्राप्त की और उन्होंने निर्देश दिए की विशिष्ट अतिगृह और अमरोहा कैलसा मार्ग से पाकबड़ा मार्ग का चौड़ीकरण कार्य को निर्धारित मानक अनुसार गुणवत्तापूर्ण रूप से समय से पूर्ण कर लिया जाये। प्रभारी मंत्री द्वारा जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियंता जल निगम से कितने गांव में पानी की सप्लाई हो रही है, कितने शेष हैं और जो शेष हैं उनका कार्य कब तक पूर्ण हो जाएगा आदि की पूर्ण जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा जल जीवन मिशन प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की प्रमुखता में से एक है इसलिये किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिये। उन्होने कहा कि पाईपलाईन बिछाने के उपरान्त सड़कें कोई भी टूटी न रहे उन्हें ठीक कराएं और कार्य में तीव्रता लायें। इसके साथ उन्होंने अधिशासी अभियंता को ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर समस्याएं जानते हुए उनका निराकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि अपने स्तर पर जांच करे। प्रभारी मंत्री द्वारा विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए खराब ट्रांसफार्मर की बदलने की जानकारी और विद्युत की आपूर्ति आदि विभिन्न जानकारी ली और अधिक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिए कि ट्रान्सफार्मर खराब हो जाने पर शीघ्रता से बदला जाये। पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से जनपद में संचालित गौशालाएं उनके टीकाकरण, सहभागिता योजना और नए गौशालाओं के निर्माण के चल रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत मुख्य मुख्य चिकित्सा अधिकारी से जानकारी प्राप्त की जनपद में कितने आयुष्मान कार्ड बन गए हैं कितने शेष हैं और जो पात्र व्यक्ति हैं जिसके आयुष्मान कार्ड नहीं बन गए हैं। मंत्री ने निर्देश दिये कि 70 वर्ष के अधिक के व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड कैंप लगाकर बनाए जाएं। उन्होंने टीबी मरीजों की संख्या पोषण पोटली का वितरण आदि की जानकारी लेकर निर्देश दिए की टीबी के मरीजों की संख्या बढ़नी नहीं चाहिये, इसलिए इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की समीक्षा करते हुए जानकारी प्राप्त की की लक्ष्य के सापेक्ष कितने आवास बनाए गए हैं कितने आवेदित फॉर्म हैं कि जिनका वेरिफिकेशन किया जा रहा है उन्होंने कहा कोई भी पात्र व्यक्ति आवास से न छूटे। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं मुख्यमंत्री आवास योजना की भी जानकारी प्राप्त कर पीडीडीआरडीए को आवश्यक निर्देश दिए। सहकारिता विभाग के समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री को जानकारी दी गई की देयो एवं एनपीए की वसूली कर ली गई। प्रभारी मंत्री ने निर्देश देते हुये कहा कि किसानों को समितियों द्वारा निर्धारित ब्याज दर पर ही ऋण दिया जाना सुनिश्चित करें प्रभारी मंत्री ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फसल बीमा योजना, उर्वरकों की उपलब्धता, यूरिया की उपलब्धता की विस्तृत जानकारी उप निदेशक कृषि एवं जिला कृषि अधिकारी से लेकर निर्देश दिए की आपूर्ति से संबंधित कोई समस्या उत्पन्न न हो इस बात का विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कैंप लगाकर फॉर्मर रजिस्ट्री बनाने के निर्देश दिए उद्योग विभाग से चल रही विभिन्न योजनाओं के लिये ऋण वितरण के सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के सम्बन्ध में प्रभारी मंत्री ने संबंधित को निर्देश दिए कि उक्त योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए ताकि जनपद के युवाओं को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर स्वरोजगार को अपना सकें। इसी प्रकार प्रभारी मंत्री द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रो के संचालन, पोषण भी पढ़ाई भी के अंतर्गत पूर्ण जानकारी, आईसीडीएस की समीक्षा की। जिला पंचायत राज विभाग के अंतर्गत संचालित पंचायत भवनों, लाइब्रेरी, स्वच्छ भारत मिशन, मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना आदि की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि पंचायत भवनों का बेहतर क्रियान्वयन हो। इसी प्रकार शिक्षा विभाग के अंतर्गत ऑपरेशन कायाकल्प की जानकारी ली उन्होंने कहा कि जर्जर भवन में विद्यालय संचालित नहीं किए जाएं। उन्होने कहा कि आईजीआरएस, थाना दिवस, सम्पूर्ण समाधान दिवस, मुख्यमंत्री हेल्पलाईन आदि पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण किया जाये। अन्त में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने प्रभारी मंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपके द्वारा जो दिशा निर्देश दिए गए हैं आपके मार्गदर्शन में उनका शत प्रतिशत अनुपालन किया जाएगा और सरकार की योजनाओं का संचालन एवं क्रियान्वयन और बेहतर तरीके से किया जाएगा। आगामी बैठक में आपको और अच्छा परिणाम प्राप्त हो। इस अवसर पर बाल सेवा योजना कोविड के अंतर्गत 04 बच्चों को लैपटॉप भी दिए गए। इससे पूर्व मा0 राज्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग की तरफ सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया और शिविर में लगे सभी स्वास्थ्य स्टाल का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने एनसीडी स्टाल पर बीपी की जांच भी कराई।इस अवसर पर उन्होने कहा कि सेवा पखवाड़ा लोगों तक सरकारी योजनाओं और सुविधाओं को पहुँचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) गरिमा सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गंगा मेला तिगरी में राजस्व की आय बढ़ाने के लिए मेले में लगने वाले झूलों की नीलाम के लिए की कमेटी गठित




**अमरोहा (सब का सपना):-** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने जानकारी देते हुए कहा कि जनपद अमरोहा में गंगा मेला तिगरी पश्चिमी उत्तर प्रदेश का वृहद मेला है। विगत वर्ष गंगा मेला तिगरी में लगभग 25 से 30 लाख श्रद्धालुओं ने माँ गंगा की पवित्र धारा में स्नान किया। विगत वर्ष की श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुये इस वर्ष मेंले में लगभग 35 से 40 लाख श्रद्धालुओं के आने की सम्भावना हैं। इस वर्ष मेला दिनांक 28.10.2025 से 06.11.2025 तक नियत है एवं मुख्य स्नान पर्व दिनांक 05.11.2025 को है। गंगा मेला तिगरी- 2025 में राजस्व की आय बढ़ाने के लिए मेले में लगने वाले झूलें, अस्थायी दुकानों की नीलामी किये जाने हेतु नीलाम कमेटी गठित की गयी है जिसमे ब्रजपाल सिंह, डिप्टी कलेक्टर, अमरोहा, अधिशासी अभियन्ता, प्रा०ख० लोक निर्माण विभाग, अमरोहा औरबअपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत अमरोहा। (संयोजक विभाग) नामित हैम अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि उनको सौपे गये कार्यों की नियमानुसार विभागीय नियमों के तहत समस्त निविदायें दिनांक 25.09.2025 से आमन्त्रित करते हुए, दिनांक 15.10.2025 तक खोले जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। निविदा के पश्चात तत्काल वर्क आर्डर जारी करते हुये प्रत्येक दशा में दिनांक 15.10.2025 से दिनांक 25.10.2025 तक समस्त सौपे गये कार्य पूर्ण करा लिये जाये। संयोजक विभाग के विभागाध्यक्ष इस हेतु पूर्णतः उत्तरदायी मेले में लगने वाले झूलों, दुकानों की नीलामी का प्रचार-प्रसार कराते हुए अधिकतम वोलीदाता को ठेकदार / फर्म को नियमानुसार आवंटन करेंगी, उक्त समस्त कार्यों की निविदायों की नीलामी गाँधी सभागार कलैक्ट्रेट अमरोहा में की जायेगी। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य न होगी। आवंटन से पूर्व अधोहस्ताक्षरी का अनुमोदन प्रदान करना आवश्यक होगा।

## अस्थायी गौ आश्रय स्थल खैया माफी का किया गया निरीक्षण





**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले में प्रभारी मंत्री द्वारा अस्थायी गौ आश्रय स्थल खैया माफी का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम मंत्रोच्चार के साथ गौ पूजन कर गौ माता को गुड़ खिलाया तथा गौवंश के संबंध में डॉ0 विजेंद्र सिंह एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से जानकारी प्राप्त की। गौशाला में 122 गौवंश संरक्षित हैं तथा गौशाला 2019 से संचालित है। गौवंश का स्वास्थ्य देख कर संतोष व्यक्त किया। खंड विकास अधिकारी को बायोगैस प्लांट लगवाने हेतु निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र द्वारा भी गौ पूजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान, खंड विकास अधिकारी जोया, पशु पालन विभाग के पशु चिकित्सा फार्मासिस्ट बृजेश तथा पशु धन प्रसार अधिकारी अंकित उपस्थित रहे।

## कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जा, सुभासपा जिलाध्यक्ष ने उठाए सवाल



**अमरोहा (सब का सपना):-** तहसील क्षेत्र के मोहल्ला सराय कोहना स्थित कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जे और निर्माण का मामला गरमा गया है। भूमाफियाओं पर मिलीभगत के आरोप लगाते हुए सुभासपा जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने कलेक्टट्रेट में प्रभारी मंत्री केपी मलिक को पत्र सौंपकर कठोर कार्रवाई की माँग की है। सुभासपा जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने कहा कि कब्रिस्तान जैसी पवित्र भूमि पर कब्जा होना बेहद शर्मनाक है। सबसे गंभीर पहलू यह है कि तहसील प्रशासन ने अपनी ही रिपोर्ट में भूमि को कब्रिस्तान की मान्यता दी, फिर भी केवल औपचारिक सीलिंग कर मामले को रफा-दफा कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कार्यवाही भूमाफियाओं को संरक्षण देने की नीयत से की गई। उन्होंने सवाल उठाया कि जब राज्य सरकार ने साफ निर्देश दिए हैं कि कब्रिस्तान, श्मशान, सरकारी और वक्फ की जमीन पर कब्जा करने वालों को किसी भी कीमत पर नहीं बख्शा जाएगा, तो फिर अमरोहा तहसील में केवल खानापूर्ति क्यों की गई सुभासपा जिलाध्यक्ष ने प्रभारी मंत्री से तीन माँगें रखी हैं अवैध निर्माण को तत्काल ध्वस्त कराया जाए, कब्जेदारों पर एंटी-भूमाफिया एक्ट के तहत कार्रवाई की जाए और मिलीभगत करने वाले अधिकारियों के खिलाफ निलंबन व विभागीय कार्यवाही हो। तोमर ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह संदेश जाएगा कि तहसील के जिम्मेदार अधिकारी स्वयं भूमाफियाओं के संरक्षक हैं। प्रभारी मंत्री ने कार्यवाही का आश्वासन दिया हैज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर, आदेश अमरोही, जसवीर सिंह चौहान, मोहम्मद नाजिम, आकाश कश्यप बुलीचंद कश्यप आदि मौजूद रहे।

## पराली/गन्ना पत्ती/फसल अवशेष प्रबंधन हेतु प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झण्डी दिखा कर किया रवाना




**अमरोहा (सब का सपना):-** प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाईजेशन फॉर इन-सीटॅू मैनेजमैन्ट आफ क्राप रेजीड्यू योजनान्तर्गत पराली/गन्ना पत्ती/अन्य फसल अवशेष प्रबंधन हेतु पराली/गन्ना पत्ती/फसल अवशेष प्रबंधन हेतु प्रचार-प्रसार वाहन का उद्घाटन प्रभारी मंत्री, के0 पी0 मलिक द्वारा हरी झण्डी दिखा कर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र उपस्थित रहें। जनपद में लगभग 27000 है0 क्षेत्रफल में धान की फसल एंव 100940 है0 में गन्ने की फसल की जाती है। धान कटने एवं गेहूॅ बोने के मध्य समय कम रहता है जिस कारण कुछ किसान भाई फसल अवशेष यथा धान की पराली, गन्ने की पत्ती व अन्य कूडा-करकट आदि खेत में जला देते हैं, जिससे वायुमण्डल दूषित होता है। मृदा एवं वायुमण्डल का तापमान बढ़ जाता है लाभदायक जीव यथा केचुए आदि मर जाते हैं तथा सांस लेने में भी कठिनाई होती है। 1000 कि0ग्रा0 पराली जलाने से 92 कि0ग्रा0 कार्बन मोनो ऑक्साइड, 701 कि0ग्रा0 कार्बन डाई ऑक्साइड, 4 कि0ग्रा0 नाइट्रस ऑक्साइड, 3 कि0ग्रा0 कार्बन, 200 कि0ग्रा0 राख निकलती है जिसके कारण वातावरण प्रदूषित होता है तथा दमा, एलर्जी, हृदय रोग, आँख रोग इत्यादि बीमारियाँ हो जाती है। मृदा पर बुरा प्रभाव पड़ता है जिससे फसलों का उत्पादन कम हो जाता है। खेत में पराली/गन्ना पत्ती/अन्य फसल अवशेष प्रबंधन हेतु सरकार द्वारा कस्टम हायरिंग सेन्टर (ग्रामीण उघमी/एफ0पी0ओ0 हेतु) पर 80 प्रतिशत तक अनुदान देय है, शेष कृषि यन्त्र जैसै-सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम्, हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, पैडीस्ट्रा चापर/ श्रेडर/ मल्चर, श्रब मास्टर/रोटरी श्लैषर, हाइड्रोलिक रिवर्सिबल एम0 बी0 प्लाऊ, बेलिंग मशीन, स्ट्रा रैक, जीरो ट्रिल सीडकम फटीर्लाईजर ड्रिल, क्राप रीपर टैज्क्टर माउन्टेड/ सेल्फ प्रोपेल्ड, सेल्फप्रोपेल्ड रीपर कम बाइन्डर आदि पर 50 प्रतिशत तक अनुदान देय है। जिसकी बुंकिग www. agridarshan. up.gov.in वेवसाईट कृषि निदेशालय द्वारा खोले जाने पर की जा सकती है। जिसकी सूचना विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। फसल अवशेष जलाने पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशानुसार फसल अवशेष जलाया जाना एक दण्डनीय अपराध है जिसके लिये निम्नानुसार पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति देय है।, 02 एकड़ से कम क्षेत्र के लिए रुपए 2500/- प्रति घटना, 02 से 05 एकड़ के लिए रुपए 5000/- प्रति घटना।, 05 एकड़ से अधिक क्षेत्र के लिए रुपए 15000/- प्रति घटना।, अपराध की पुनरावृत्ति करने पर पुनः अर्थदण्ड से दण्डित किया जायेगा।, गन्ने की पत्तियों एंव फसल अवशेष को सडाने हेतु कृषको के मध्य वेस्ट डिकम्पोजर निःशुल्क वितरण कराया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति अपनी ग्राम पंचायत में कृषि विभाग के कर्मचारी से प्राप्त कर सकते है। 200 लीटर पानी में 2 किग्रा0 गुड एंव 2 किग्रा0 किसी भी दाल का बेसन एंव एक पैकेट वेस्ट डिकम्पोजर मिलाकर, सुबह-शाम घडी की दिशा में घुमाने पर 48 घण्टो में घोल तैयार हो जाता है, जिसे एक एकड खेत में छिडकाव कर सकते है या सिंचाई जल के साथ देकर फसल अवशेष को खेत में सड़ा सकते है। जिससे मृदा को जीवांश पदार्थ प्राप्त होता है और उपज भी बढती है। यदि फसल कम्बाईन मशीन से काटी जाती है तो उसके तुरन्त बाद मल्चर चलाने से पराली कट कर भूसे की तरह हो जाती है, जिसकों जोत कर भूमि में मिला देना चाहिए और 5 कि0ग्रा0 यूरिया प्रति बीघे की दर से छिड़क कर पलेवा करने से पराली बहुमूल्य खाद में परिवर्तित हो जाती है और फसल का उत्पादन 15 से 20 प्रतिशत बढ़ जाता है।

## परिषदीय विद्यालयों में मीना दिवस का किया गया आयोजन





**अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद के समस्त उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में मीना दिवस का आयोजन किया गया , इसके अंतर्गत समस्त उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालय की छात्राओं ने मीना का जन्मदिन केक काटकर उत्साह के साथ बनाया विद्यालय में मीणा के कार्यों की चर्चा की गई एवं मीना मंच के पदाधिकारी द्वारा विद्यालय के समस्त कार्यों को सुचारू रूप से करने बाल संसद का गठन करने पर जोर दिया गया। प्रत्येक वर्ष 24 सितंबर को मीना का जन्मदिन मनाया जाता है जिसके अंतर्गत विद्यालय में मीना मंच के सदस्य एवं पदाधिकारी मीणा के कार्यों का उल्लेख करते हैं एवं मीना के द्वारा किए गए कार्यों से प्रेरित होकर सभी बालिकाओं को शिक्षित करने, प्रत्येक दिन विद्यालय आने, लिंग भेद पर चर्चा की बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने, बालिकाओं के आत्मनिर्भर होने के लिए किया गया कार्यों पर चर्चा की जाती है।

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने सांसद को सौपा ज्ञापन



**अमरोहा (सब का सपना):-** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह एवं जिला मंत्री मुकेश चौधरी के नेतृत्व में दर्जनों शिक्षकों के साथ सांसद अमरोहा को प्रधानमंत्री के नाम प्रेषित ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपते समय जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के द्वारा टैट परीक्षा की अनिवार्यता का दिया गया आदेश निराशाजनक है। सुप्रीम कोर्ट को अपने फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए। कहा कि 1 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट द्वारा 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त हुए शिक्षकों की सेवा में रहते हुए टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने पर दिए गया अन्याय पूर्ण है।यह आदेश शिक्षकों की नियुक्ति की अहर्ता और सेवा के शर्तों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि आदेश अत्यंत निराशाजनक है। सरकार को इस पर ठोस कदम उठाना चाहिए। क्योंकि शिक्षकों की नियुक्ति के विज्ञापन में इस प्रकार की अनिवार्यता नहीं थी।उन्होंने मांग करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट एवं केन्द्र सरकार से अपने फैसले पर पुनर्विचार विचार करते हुए शिक्षकों को टीईटी के अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग की। इस पर सांसद कंवर सिंह तंवर ने पूरा भरोसा दिलाते हुए कहा कि आपका ज्ञापन भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री तक पहुंच जायेगा।और आपका पूरा पक्ष रखा जायेगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ प्रथी सिंह, जिला उपाध्यक्ष कुलदीप त्यागी,ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी रामवीर सिंह, हसनपुर अध्यक्ष होमपाल सिंह चौहान, धनौरा अध्यक्ष योगेश चौधरी,रेखा रानी,पंकज शर्मा, कर्मवीर सिंह, हीरा सिंह,सतीश कुमार,नौबहार सिंह ,कुलदीप सिंह,जगत सिंह आदि मौजूद रहे।

## उ. प्र. महिला आयोग ने गर्भवती महिला को पोषण संबंधी एवं एनीमिया रोग से बचने की दी जानकारी





**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले में मिशन शक्ति 5.0, नवरात्रि के शुभ अवसर पर एवं सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत संगीता जैन उत्तर प्रदेश महिला आयोग,मानव अधिकार भवन तृतीय तल गोमती नगर लखनऊ की अध्यक्षता में ब्लॉक हसनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सदस्या द्वारा कहा गया कि नवजात शिशु को 6 माह तक मां का दूध देना चाहिए क्योंकि वह उसकी सभी पोषण तत्वों की जरूरत को पूरा करता है। इसके साथ ही गर्भवती महिला को पोषण संबंधी एवं एनीमिया रोग से बचने के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन एवं सखी वन स्टॉप सेन्टर की टीम द्वारा महिला कल्याण विभाग की मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना तथा हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098 ,181 और एंबुलेंस सेवा 102 और 108 के बारे में बताया गया। इसके अलावा वन स्टाप सेंटर की टीम द्वारा वन स्टॉप सेंटर की जानकारी और चाइल्ड लाइन द्वारा बाल श्रम तथा बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा बच्चों के कानूनी अधिकार और बाल विवाह व बाल श्रम के खिलाफ जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम मे ज्ञान प्रकाश तिवारी (जिला कार्यक्रम अधिकारी), राकेश सिंह (जिला प्रोबेशन अधिकारी) प्रो संजीव कुमार (सीडीपीओ जोगा, अमरोहा), मिनाक्षी गुप्ता (एसएचओ महिला थाना), विनीतला सिंह (सीडीपीओ गजमैला) सोनवीर (सीडीपीओ हसनपुर, गंगेश्वरी) मो० आहिल चाइल्ड हेल्पलाइन, काउंसलर करुणा निधि- काउन्सलर, अपूर्वा लेखाकार, स्वाति- केसवर्कर आदि कार्मिक उपस्थित रहे है।

# राज्य मंत्री ने ग्राम पंचायत कैलसा में आयोजित ग्राम चौपाल में किया प्रतिभाग और अन्नपूर्णा भवन का किया निरीक्षण







**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले में राज्य मंत्री, वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन एवं जनपद के प्रभारी मंत्री के0पी0मलिक द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय ग्राम पंचायत कैलसा में आयोजित ग्राम चौपाल में भाग लिया खगोलीय प्रयोगशाला, लर्निंग लैब और अन्नपूर्णा भवन का निरीक्षण किया। इसके बाद मंत्री द्वारा अंत्येष्टि स्थल कटाई का लोकार्पण किया। उन्होंने ग्राम चौपाल में ग्रामवासियों से कहा कि आपके बीच आने का उद्देश्य है आपकी समस्याओं को सुनकर निराकरण करना और आपके सुझाव प्राप्त करना। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, इनमें से कोई आगे चलकर डॉक्टर इंजीनियर वैज्ञानिक बनेगा, इसलिए अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा, संस्कार और तहजीब दे, ताकि आना वाली पीढ़ी एक बेहतर समाज का निर्माण करें। उन्होंने ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने गांव को सुंदर स्वच्छ और सुविधायुक्त बनाया है, जो अन्यों के लिए प्रेरणा है। इस अवसर पर उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई भी की। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। उच्च प्राथमिक विद्यालय कैलसा में बनी खगोलीय प्रयोगशाला और लर्निंग लैब का निरीक्षण किया। दूरस्थ वस्तुओं एवं आकाशीय पिंडो को देखने हेतु लगाई गई खगोलीय दूरदर्शी, न्यूटन के गति के नियम, सूर्य ग्रहण, चन्द्रग्रहण, विभिन्न प्रकर के लेंसों के प्रयोग की जानकारी मंत्री द्वारा बच्चों से ली गई। मंत्री द्वारा बच्चों से खगोल सम्बन्धी प्रश्न पूछे गए, जिनका बच्चों ने उत्सुकता से जवाब दिया। इसके बाद प्रभारी मंत्री पंचायत भवन कैलसा में स्थित अन्नपूर्णा भवन का निरीक्षण किया। इस भवन को समूह की 11 महिलाएं संचालित कर रही हैं। उन्होंने समूह की आय बढ़ाने के लिए आवश्यक वस्तुओं के विक्रय की बात कही। पंचायत भवन में ही संचालित लाइब्रेरी में पहुंचकर अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से संवाद किया। सभी बच्चों से मेहनत और लगन से पढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि कामयाब होकर गांव और परिवार का नाम रोशन करें। उन्होंने भवन से गांव में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की स्थिति को भी देखा। पंचायतीराज विभाग के अंतर्गत ग्राम पंचायत कटाई में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 24.08 लाख रुपये की लागत से निर्मित अंत्येष्टि स्थल का लोकार्पण प्रभारी मंत्री जी के कर कमलों द्वारा ग्रामवासियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। यहां पर उन्होंने पौधरोपण भी किया। मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने ग्रामीणों से बच्चों को स्कूल भेजने, गांव को स्वच्छ-सुंदर बनाने में सहयोग करने और जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आभा दत्त, जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसौदिया, जिला पूर्ति अधिकारी रीना कुमारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी पुनीत कुमार, शुभम चौधरी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी, पार्टी पदाधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## वैश्य एकता मंच के तत्वावधान में स्वर्गीय विनोद कुमार चुलबुल नेता जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि



**चंदौसी/सम्भल (सब का सपना);-** वैश्य एकता मंच के तत्वावधान में चंदौसी के जननायक, समाजसेवी एवं सर्वप्रिय नेता विनोद कुमार चुलबुल नेता जी की 12वीं पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन उनके कार्यालय, ब्रह्म बाजार, चंदौसी पर किया गया, जिसमें नगर के विभिन्न प्रबुद्धजन, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं वैश्य समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभा में मंच के अध्यक्ष लवित वार्ष्णेय ने कहा कि विनोद कुमार चुलबुल नेता जी का सामाजिक योगदान, जनहित के लिए किए गए कार्यों और उनकी सरल, सौम्य एवं संघर्षशील व्यक्तित्व नगर के लोग भूले नहीं है। आज वैश्य एकता मंच चंदौसी के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा नेताजी की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए है। इस मौके पर प्रतीक किट्टू, मन्नू गुप्ता मेडिकल, सागर गुप्ता जिलाध्यक्ष व्यापार मंडल, दीपेश वार्ष्णेय, आकाश वार्ष्णेय, तुषार वार्ष्णेय, सुमित वार्ष्णेय, प्रदीप वार्ष्णेय, माणिक वार्ष्णेय, गौरव वार्ष्णेय, अमित अग्रवाल, विवेक, डॉ अंशुल गुप्ता, काकुल, रिशु चौधरी, पुनीत, ऋतिक, अनुज वार्ष्णेय अन्नू, सागर गुप्ता, जॉली वार्ष्णेय सहित मंच के पदाधिकारी मौजूद रहे। वैश्य एकता मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि नेता जी का जीवन हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है और समाज के उत्थान के लिए उनके दिखाए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# विकासखंड के सभागार में एक दिवसीय शिक्षक-प्रशिक्षण का किया गया आयोजन





**असमोली/सम्भल (सब का सपना):-** विकासखंड के सभागार में न्यायपंचायतवार एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में असमोली, हरथला, गुमसानी, मढ़न न्यायपंचायत के समस्त गुरुजनों एवं दीदीजनों को एक दिवसीय शिक्षक-प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया के संरक्षण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित प्रशिक्षण जनपद के सभी विकासखंडों में गतिमान है, प्रशिक्षण 8 सितंबर से 30 सितंबर तक जनपद संभल की आठों विकासखंड की 65 न्यायपंचायत में न्याय पंचायत बार आयोजन किया जा रहा है , अब तक बहजोई, बनियाखेड़ा, जुनावाई, गुन्नौर , पंवासा, रजपुरा, सम्भल विकास खण्ड की 53 न्यायपंचतों में प्रशिक्षण हो चुका है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र निर्माण के लिए गुणात्मक शिक्षा युगनिमार्ता के रूप में गुरुजी एवं दीदी को आदर्श शिक्षक के रूप में स्थापित करना तथा विकास का आधार ग्राम सचिवालय ग्राम कुल को सक्रिय करना है। प्रशिक्षण का प्रेरणास्त्रोत पुनरुत्थान विद्यापीठ, अहमदाबाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 तथा गिजूभाई का ग्रंथ दिवास्वप्न है प्रशिक्षण का उद्देश्य गुणात्मक शिक्षा हेतु जनपद संभल में क ख ग घ मिशन को पूर्ण रूप से लागू करना, शिक्षकों में गुरुत्व की भावना जागृत करना तथा प्रधान की अध्यक्षता और प्रधानाध्यापक की सह अध्यक्षता में ग्रामकुल की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना है प्रशिक्षण चार सत्रों में संपन्न हुआ था पहले सत्र में सभी शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आधार पर गुणात्मक शिक्षा प्रदान किए जाने तथा स्वयं में गुरुत्व की भावना जागृत करने एवं विद्यार्थियों को विश्व स्तर का तैयार करने तथा स्वयं स्वाध्याय करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया दूसरे सत्र में प्रश्न सत्र तथा तीसरे सत्र में फीडबैक एवं अंत में शपथ ग्रहण कराते हुए प्रशिक्षण संपन्न हुआ प्रशिक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी अंशुल कुमार द्वारा कहा गया कि प्रत्येक शिक्षक को विद्यार्थियों के जीवन परिवर्तन करने के लिए शिक्षा देनी चाहिए न कि केवल अगली कक्षा में आने के लिए , प्रशिक्षण में डीपीएमयू के जिला समन्वयक डॉ एस एन शर्मा द्वारा कहा गया कि प्रत्येक शिक्षक को अपने अंदर गुरुत्व की भावना जगानी चाहिए तथा पुनरुत्थान विद्यापीठ अहमदाबाद के सिद्धांतों, सूत्रों तथा दर्शन का अनुकरण करते हुए शिक्षण कार्य करना चाहिए एवं डीपीएमयू जिला समन्वयक विपुल राठौर द्वारा प्रशिक्षण में जिले में ठएढ 2020 ( कङ.र) को पूर्ण रूप से लागू करने हेतु क, ख, ग, घ मिशन के तहत प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्रों और समाज के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करना है। श्री राठौर ने कहा ठएढ 2020 ( कङ.र) को पूर्ण रूप से लागू करने से शिक्षा के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकती है और शिक्षक युग निमार्ता है उनको राष्ट्र के बारे में चिंतन करना चाहिए इससे छात्रों और समाज को बहुत लाभ होगा, तथा शिक्षकों स्वयं के जीवन को परिवर्तित करना चाहिए प्रत्येक शिक्षक को अपने विद्यार्थियों में कल्पनाशीलता, जिज्ञासा, कृतभाव चिंतन योग्यता, राष्ट्रप्रेम, भारतीयता का विकास करना चाहिए तथा विद्यार्थियों में खेल भावना तथा कौशल विकसित करना चाहिए ताकि वह देश के अच्छे नागरिक बन सके, और अंत में जिला समन्वयक द्वारा सभी गुरुजनों को यह शपथ दिलायी गई कि आज से हम एक दूसरे को गुरुजी और दीदी कहेंगे, विद्यार्थी तथा राष्ट्र के शिक्षक बनेंगे, अपने विद्यालय में क ख ग घ मिशन पूर्ण रूप से लागू करेंगे, पांचों ग्रंथों का स्वाध्याय करेंगे, समाज तथा विद्यार्थी के लिए आदर्श शिक्षक बनेंगे, ग्राम सचिवालय ग्रामकुल को सक्रिय करेंगे एवं मेरे लिए विद्यार्थी एवं राष्ट्र सर्वप्रथम रहेगा।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल व जीएसटी अधिकारियों के साथ हुआ संवाद प्रोग्राम



**चंदौसी/सम्भल (सब का सपना):-** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा जीएसटी अधिकारियों के साथ एक संवाद प्रोग्राम जवाहर रोड स्थित धनवंतरी फामेर्सी में किया गया जिसमें जीएसटी विभाग के डिप्टी कमिश्नर बबलू यादव धर्मेंद्र कुमार ने जीएसटी रिफॉर्म के बारे में व्यापारियों को जानकारी दी उसमें डिप्टी कमिश्नर द्वारा बताया गया कि जिन-जिन वस्तुओं पर जीएसटी कम की गई है उसमें व्यापारी को आगे बिक्री करते समय टैक्स कम देना होगा जितना टैक्स कम देगा उतना माल सस्ता करके उपभोक्ताओं को देना होगा जिससे उपभोक्ताओं को सस्ते दामों में समान मिलेगा जिन वस्तुओं पर जीएसटी पूरी तरह समाप्त हो गई है तो उसे सरकार को जीएसटी वापस करनी पड़ेगी डिप्टी कमिश्नर श्री बबलू यादव ने कहा संभल जिले में फर्जी फर्म काम कर रही हैं जो व्यापारी फर्जी फर्म से व्यापार करेगा उसके खिलाफ वाणिज्य कर विभाग द्वारा एफ आई आर करिए जाएगी फर्जी फर्म से व्यापार करना दंडनीय अपराध है इसके अलावा व्यापारियों ने जीएसटी संबंधित समस्याओं को डिप्टी कमिश्नर के समक्ष रखा जिसने उन्होंने इसका समाधान बताया मीटिंग के बाद जीएसटी डिप्टी कमिश्नर महोदय ने बाजार में दुकानों पर जाकर जीएसटी रिफॉर्म की जानकारी दी जिससे व्यापारियों को जीएसटी संबंधित बातों को पता चला संवाद प्रोग्राम में धनवंतरी फामेर्सी के एमडी राघवेंद्र मिश्रा विजेंद्र मिश्रा विकास मिश्रा राजुल मिश्रा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष प्रेम ग्रोवर प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी, संगठन मंत्री उमेश चंद्र वार्ष्णेय, प्रभात कृष्णा, जयशंकर दुबे, बसंत मखीजा, योगेंद्र वर्मा, सुशील अग्रवाल, बबलू मखीजा, दीपक गर्ग, संजीव अग्रवाल, हरमीत सिंह, चिंटू शर्मा, प्रहलाद लोधी, सागर गुप्ता, द्वारपाल मखीजा, अंकित गुप्ता, विकास रस्तोगी, दलजीत सिंह, रोमी छाबड़ा आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# सरोजिनी नायडू जूनियर हाई स्कूल ने मनाया मीना दिवस



**चंदौसी/सम्भल (सब का सपना):-** खतियान मोहल्ला स्थित सरोजिनी नायडू जूनियर हाई स्कूल नगर क्षेत्र चंदौसी में बहुत हर्षोल्लास से मीना का जन्मदिन मनाया गया। बेसिक शिक्षा विभाग के मीना की दुनिया कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में मीना का जन्मदिन बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने नृत्य, गीत, नाट्य और कविताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण केक काटकर जन्मदिन मनाना रहा। कार्यक्रम में स्वच्छता पखवाड़ा गतिविधि के अंतर्गत बच्चों ने विद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने का प्रेरणादायी संदेश दिया। इसके साथ ही उन्हें बालिका शिक्षा, समानता, अनुशासन, बच्चों के अधिकार, सामाजिक जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण और सकारात्मक सोच जैसे महत्वपूर्ण जीवन मूल्यों की शिक्षा भी दी गई। प्रधानाध्यापिका डॉ. दुर्गा टंडन ने इस अवसर पर कहा मीना की दुनिया कार्यक्रम बच्चों में शिक्षा और संस्कार का दीप जलाता है। मीना की दुनिया कार्यक्रम की शुरूआत 24 सितंबर 1998 को यूनिसेफ और शिक्षा विभाग के सहयोग से की गई थी। उस समय समाज में बालिकाओं की शिक्षा में असमानता, स्वास्थ्य और स्वच्छता की कमी, तथा सामाजिक अंधविश्वास जैसी चुनौतियाँ प्रचलित थीं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को आत्मविश्वासी बनाना, समान अवसर प्रदान करना, सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक करना और स्वास्थ्य, स्वच्छता, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच जैसी आदतें विकसित करना है। यह कार्यक्रम न केवल शिक्षा का प्रचार करता है, बल्कि बच्चों में अच्छे संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी का बीज भी बोता है। विद्यालय परिवार ने बताया कि ऐसे आयोजन बच्चों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उन्हें समाज के जागरूक और संस्कारित नागरिक बनने की दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के पश्चात सभी बच्चों को पेंसिल पेन और कॉपी बांटी गई। कार्यक्रम में अभिषेक गुप्ता, दुर्गा टंडन, आयुषी गुप्ता, प्रेमपाल, संध्या आदि विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बहजोई पुलिस ने दो वारण्टी किए गिरफ्तार



**बहजोई/सम्भल (सब का सपना):-** जनपद में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बहजोई पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए दो वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिण)अनुकृति शर्मा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस टीम ने पहली कार्रवाई में वारण्टी अभियुक्त देवराज, पुत्र हीरा सिंह, निवासी बहरौली ताहरपुर, थाना बहजोई, जनपद सम्भल को बहरौली ताहरपुर से गिरफ्तार किया। दूसरी कार्रवाई में मुकदमे में वांछित वारण्टी अभियुक्त हरिओम, पुत्र सुखलाल, निवासी ग्राम ढाढौल, थाना बहजोई, जनपद सम्भल को ग्राम ढाढौल से हिरासत में लिया गया। इस कार्रवाई में थाना बहजोई प्रभारी निरीक्षक हरीश कुमार,उप निरीक्षक प्रशांत मालिक, हेड कॉन्स्टेबल चंद्रकांत और कॉन्स्टेबल चतरसिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाइयां निरंतर जारी रहेंगी, ताकि जिले में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## त्योहारों के मद्देनजर पुलिस ने पैदल गस्त, कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**संभल(सब का सपना):-**पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने आगामी त्योहारों, अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था और जनता में सुरक्षा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से कस्बा संभल के प्रमुख क्षेत्रों में पैदल गस्त की। इस दौरान उन्होंने चौधरी सराय, साहनी फाटक, डाकखाना तिराहा, मुख्य बाजार, गोल्डी तिराहा, टंडन तिराहा, सराफा बाजार, नखासा चौराहा, खगूसराय तिराहा, छंगामल कोठी, आर्य समाज रोड, एजेंसी तिराहा, अस्पताल तिराहा और शंकर चौराहा जैसे भीड़-भाड़ वाले स्थानों का दौरा किया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बल के साथ मिलकर आमजन से संवाद स्थापित किया और जनता में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने का प्रयास किया। उन्होंने आगामी त्योहारों को सौहार्दपूर्ण माहौल में और आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) कुलदीप कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने जनता से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि जिले में शांति और सुरक्षा व्यवस्था रखी जा सके।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कर करेत्तर/ न्यायालय, राजस्व वाद, एवं प्रवर्तन/ कार्यों की समीक्षा बैठक का किया गया आयोजन





**वहजोई/संभल (सब का सपना)** कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में कर करेत्तर/ न्यायालय, राजस्व वाद, एवं प्रवर्तन/ कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम सीएम डैशबोर्ड पर विभिन्न संबंधित विभागों की समीक्षा की गयी उद्योग विभाग, मंडी आय एवं मंडी आवक को लेकर जानकारी प्राप्त की गयी एवं औषधि विभाग की प्रगति के विषय में भी जानकारी प्राप्त, खनन, परिवहन, आबकारी विभाग समस्त तहसीलदार के विषय में जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया उन्होंने कहा कि डैशबोर्ड की रैंक का विशेष ध्यान रखा जाए। और उन्होंने खनन, विद्युत,नगर निकाय ,वाट माप को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देशित किया। आर सी वसूली को लेकर जानकारी प्राप्त की एवं कम प्रगति होने को लेकर अपर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की उन्होंने कहा कि आरसी की शत प्रतिशत वसूली की जाए। संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विभागों की आरसी हैं उनसे समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए और उन्होंने कहा कि जिन विभागों आरसी वापस करनी है तो 11 सूत्रीय एवं 22 सूत्रीय सूचना के साथ वापस भेजना सुनिश्चित करें। अपर जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की ऑनलाइन नक्शा के अनुसार वसूली करना सुनिश्चित करें जिसमें किसी प्रकार की लापरवाही संज्ञान बनाए। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की वसूली से संबंधित अगले सप्ताह बैठक सुनिश्चित की जाए। खनन की वसूली को लेकर अपर जिलाधिकारी ने नाराज की व्यक्त की खनन विभाग को निर्देशित करते हुए कहा की वसूली करना सुनिश्चित करें। और उन्होंने कहा कि खनन से संबंधित 10 बड़े बकायादारों को भी चिन्हित किया जाए। अपर जिलाधिकारी ने विरासत खारिज, धारा 24 वाद, कृषक दुर्घटना पत्रावली के विषय में जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा समय से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इसके उपरांत प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा की गई खनन विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रवर्तन के कार्य को बढ़ाया जाए। श्रम विभाग से लंबित आरसी को लेकर जानकारी प्राप्त की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मंडी समिति, खनन विभाग, आबकारी विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग एवं जिला औषधि निरीक्षक से कार्यवाहियों के विषय में जानकारी प्राप्त की जिसको लेकर अपर जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया उन्होंने कहा की लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति को बढ़ाया जाए। फार्मर रजिस्ट्री को लेकर जिलाधिकारी ने समस्त तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत कार्य करना सुनिश्चित करें जिसमें किसी प्रकार की लापरवाही संज्ञान आए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, डीएफओ प्रीति यादव,उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी,उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार,उप जिलाधिकारी संभल विकास चन्द्र,डिप्टी कलक्टर सौरभ कुमार पांडेय एवं निधि पटेल,वंदना मिश्रा,रामानुज, नीतू चौधरी एवं समस्त चकबंदी अधिकारी,समस्त तहसीलदार संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक

**संभल(सब का सपना):-** रामलीला मंच पर प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेनू सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा एक नुक्कड़ नाटक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में पुलिस टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के लक्ष्यों से अवगत कराया, जिसमें सुरक्षित और सशक्त समाज की स्थापना पर जोर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक रेनू सिंह ने कहा, हमारा लक्ष्य न केवल महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना भी है। यह नुक्कड़ नाटक उसी दिशा में





एक कदम है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा की तकनीकों, शारीरिक-मानसिक सतर्कता और आपात स्थिति में त्वरित निर्णय लेने की रणनीतियों की जानकारी दी गई। उन्हें किसी भी प्रकार के अपराध, उत्पीड़न या हिंसा के खिलाफ निडर होकर आवाज उठाने और कानूनी सहायता लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। पुलिस टीम ने विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे वूमेन,पावरलाइन-1090, महिला हेल्पलाइन-181, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 और चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 के बारे में विस्तार से बताया, ताकि आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त की जा सके। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षकः रेनू सिंह- उप निरीक्षकः मैलानी कुजूर महिला हेड कॉन्स्टेबलः प्रभा, सुधा महिला कॉन्स्टेबलः कौशलवती,वर्षा, अंजली, सोनी शामिल थीं। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं ने न केवल जागरूकता प्राप्त की, बल्कि आत्मविश्वास के साथ अपनी आवाज उठाने का संकल्प भी लिया। यह कार्यक्रम मिशन शक्ति अभियान के तहत समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हुआ।

# खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत ज़िला सम्भल में 30 खिलाड़ियों को मिली खेल किट



**बहजोई/संभल (सब का सपना):-** एक जनपद - एक खेल पहल के तहत केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत संभल में खेलो इंडिया का एथलेटिक कैंप चल रहा है जिसमें 30 खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है/आज ज़िला सम्भल स्थित डीएम कार्यालय में अभ्यासरत खिलाड़ियों को खेल किट का वितरण किया गया। ज़िलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा ज़िले के कुल 30 खिलाड़ियों को किट प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपक्रीड़ा अधिकारी प्रमीला भारती, एथलेटिक सचिव अजय कुमार, खेलो इंडिया एथलेटिक कोच नकुल तोमर, तथा मयंक कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे। ज़िलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलो इंडिया योजना युवाओं की प्रतिभा को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करने में मील का पत्थर साबित होगी। निरंतर अभ्यास और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। सभी अधिकारियों एवं कोचों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

# ग्रामीण युवा प्राइवेट सर्वेयर बनकर करेंगे ई खसरा

**शामली (सब का सपना):-** एग्रीस्टैक योजना अन्तर्गत खसरा पड़ताल का कार्य जनपद शामली मे प्राइवेट सर्वेयर से कराया जा रहा है। कुशल प्राइवेट सर्वेयर द्वारा खरीफ, रबी व जायद मे खेत पर जाकर खेत मे खडी फसल का फोटो लेकर उसे मोबाइल एप मे अपलोड करना है। उप कृषि निदेशक प्रमोद कुमार ने बताया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे ई खसरा पड़ताल का कार्य जनपद शामली में प्राइवेट सर्वेयरों तथा जिन वॉलिंटियर्स के पास अपना मोबाइल है वह तथा फसलों की पहचान में



अच्छी जानकारी रखते हैं और हाई स्कूल अथवा इंटर पास है। सरकार द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे ई खसरा पड़ताल में सर्वे का कार्य प्रोत्साहन राशि रुपए एक गाटा में एक फसल पर ङ्5 तथा दो फसल पर ङ्10 एवं मोबाइल डिवाइस आदि के लिए रुपए 500 देय होगा जो भी वॉलिंटियर्स इस योजना में से जुड़कर डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य करना चाहते हैं। वह अधिकतम गाटा 3000 का सर्वे कार्य प्रत्येक सर्वेयर के द्वारा किया जाना है वह अपना विवरण एवं सहमति सहायक विकास अधिकारी कृषि अथवा कृषि विभाग के किसी भी कर्मचारी के माध्यम से कर सकते हैं। जिसमें प्रत्येक कृषि सहयोगी की आय रुपए 15000 से 30000 तक आय प्रति फसल मौसम मे सम्भव है।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम के अंतर्गत जगह जगह किए गए नुक्कड़ नाटक





**हापुड़ (सब का सपना):-** भारत सरकार द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा के स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम में जनपद में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जा रहा है इसी संदर्भ में आज जिला संयुक्त चिकित्सालय हापुड़ प्रांगण में एवं एस0एस0वी0 पी0जी0 कॉलेज हापुड़ में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया नाट्य मंडली द्वारा एचआईवी एड्स एवं टी0बी0 (क्षय रोग) के विषय में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी गई मंडली द्वारा बताया गया कि किस प्रकार हम एचआईवी एड्स से अपना बचाव कर सकते हैं किन-किन चीजों से ये बीमारियां फैलती हैं नाट्य मंडली ने बताया कि एचआईवी एड्स असुरक्षित यौन संबंधों से, संक्रमित रक्त से या संक्रमित व्यक्ति को उपयोग की गई सिरिंज आदि के माध्यम से फैलता है एचआईवी एड्स किसी के हाथ मिलाने से साथ भोजन करने से या आलिंगन करने से नहीं फैलता है इसी प्रकार नाट्य मंडली द्वारा बताया गया की टी0बी0 की बीमारी माइक्रो बैक्टेरियम ट्यूबरक्लोसिस नाम के बैक्टीरिया से फैलती है किसी भी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक की खांसी , खांसी में बलगम का आना ,बलगम में खून का आना ,भूख कम लगना वजन का घटना रात में सोते समय कमर में पसीना आना या शरीर में गांठों का हो जाना टी0बी0 के लक्षण हो सकते हैं टी0बी0 की सभी जांच एवं दवाईयां सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध हैं इसके साथ-साथ भारत सरकार टी0बी0 के रोगियों को 1000 प्रतिमाह निः क्षय पोषण योजना के अंतर्गत प्रदान करती है कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से डॉ0 राजेश सिंह, जिला क्षय रोग अधिकारी, डॉ0 कृष्ण कुमार शर्मा, उप जिला क्षय रोग अधिकारी, सुशील चौधरी, जिला पी0 पी0 एम0 कोऑर्डिनेटर, मनोज कुमार, जिला पी एम टी टी0बी0 एच आई वी कोऑर्डिनेटर, कमलदीप काउंसलर, एचआईवी, विपिन कुमार, अशोक कुमार, काउंसलर एचआईवी मुक्त नाट्य संस्थान के शाह आलम, अनमोल सिंह, मैक्स व मीनाक्षी एस एस वी पीजी कॉलेज, के प्रधानाचार्य प्रोफेसर नवीन चंद्र, डीन प्रोफेसर संगीता अग्रवाल, प्रोफेसर स्वागता बसु, डॉ0 दीपक प्रोफेसर, आर0 के0 शर्मा, डॉ0 इंदु यादव, मोहित शर्मा, नरेंद्र कुमार, वरिष्ठ लेखाकार व पारुल शर्मा, आदि उपस्थित रहें।

# ढोल नगाड़ों के साथ धूम धाम से निकाली गई पुराना बाजार बहजोई में राम बारात







**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** श्री रामलीला कमेटी पुराना बाजार बहजोई के तत्वाधान में रामबर यात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई। यह रामवर यात्रा संभल रोड सिल्वरस्टोन से प्रारंभ होकर पुराना बाजार, थाना रोड, नया बाजार, और पुराना डाकखाना रोड से होती हुई अपने स्थान पर समाप्त हुई। रामबर यात्रा में एक से बढ़कर एक आकर्षक स्वचलित झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। इनमें मां काली, ब्रज शाही चट्टे, पंजाबी अखाड़ा, शिव बारात, सांवरिया सेठ का दरबार, खाटू श्याम, और हनुमान अखाड़ा जैसी झांकियां शामिल थीं। यात्रा के दौरान भक्तों का उत्साह चरम पर था, और भक्ति भजनों की स्वर लहरियों ने माहौल को और भी रंगीन बना दिया। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आयोजन को सफल बनाने में नगर पालिका चेयरमैन राजेश शंकर राजू,कपिल मोबाइल, अजय तंबाकू, नीतू कठेरिया, कपिल गुप्ता, रजनीश टप्पू, राम भगत, गोविंद तंबाकू, तनुज गुरु, शिवम टंडन, और आशीष बजाज सहित अन्य कमेटी सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह आयोजन स्थानीय लोगों के लिए भक्ति और उत्साह का अनुपम संगम साबित हुआ, जिसने बहजोई की सांस्कृतिक और धार्मिक समृद्धि को एक बार फिर उजागर किया।

# मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत निकाली गई साइकिल रैली

**रैली में लगभग 200 एनसीसी एवं विभिन्न स्कूलों के छात्र एवं छात्राओं द्वारा किया गया प्रतिभाग**

**हापुड़ (सब का सपना):-** महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु शारदीय नवरात्र के पर्व पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान के अंतर्गत आज जिला उप क्रीड़ा अधिकारी द्वारा साइक्लोंथान (साइकिल ) रैली का आयोजन किया गया साइकिल रैली मे मुख्य विकास अधिकारी एवं लेफ्टिनेंट कपिल विसला, एस एस वी इंटर कॉलेज, एसोसिएट प्रोफेसर एन सी सी, के द्वारा हरी झंडी



दिखाकर शुरू किया गया ' यह रैली रेलवे पार्क से आरंभ होकर फ्रीगंज रोड़, तहसील चोपला से निकलती हुई एस एस वी डिग्री कॉलेज पर समाप्त हुई ' इस रैली में लगभग 200 छात्र-छात्रों (एस के स्कूल, एस एस वी इंटर कॉलेज,ए के पी इंटर कॉलेज) खिलाड़ियों, एन सी सी कैडेट्स आदि ने प्रतिभाग किया गया। इसी क्रम में जनपद के सभी विकास खंडो में भी 'मिशन शक्ति 5.0' के अंतर्गत साइकिल रैली का प्रोग्राम आयोजित किया गया ' रैली में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्वयं साइकिल चला कर बच्चों के साथ प्रतिभाग किया और बच्चों को प्रोत्साहित किया

# मंदिरों में गूंजे माता के जयकारे, बही भक्ति की बयार

**चंदौसी।** नवरात्र के दूसरे दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना कर परिवार की खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में भोर से ही देवी भक्तों का तांता लग गया और देर रात तक पूजा-अर्चना का क्रम चलता रहा। माता रानी के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। हर ओर भक्ति की बयार बही। सुबह से ही शहर के प्रमुख मंदिरों श्री



सिद्धिदात्री नवदुर्गा मंदिर, श्री शीतला माता नवदुर्गा बगिया वाली मंदिर, श्री गंगा देवी मंदिर और मौलागढ़ स्थित कंकाली देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगीं। देवी भक्त मां के जयकारे लगाते हुए मंदिरों में पहुंचे। दर्शन की बारी आने पर श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में पान, सुपारी, फल-फूल व नारियल और चुनरी अर्पण कर मंदिर की परिक्रमा लगाई और धूप-दीप के साथ माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। सुबह से लेकर लेकर देर शाम तक मंदिरों में घंटा-घड़ियाल, शंख और भजनों की गूंज सुनाई देती रही। विशेष रूप से शाम को हुई महाआरती में भारी संख्या में भक्त शामिल हुए। वहीं, घरों में भी महिलाओं ने श्रद्धाभाव से मां का गुणगान किया। दिनभर उपवास रखने के बाद शाम को भजनों और आरती के बीच देवी भक्तों ने अपना व्रत खोला। शाम को प्रमुख मंदिरों में आरती के दौरान भारी भीड़ उमड़ी। माता के जयकारे गुंजते रहे। देर रात तक मंदिर मार्गों पर श्रद्धालुओं की चहल पहल रही।

# टाइल्स के शोरूम में चोरी, चोरों ने नगदी समेत लाखों के माल पर किया हाथ साफ

**गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):-** नगर कोतवाली स्थित एक टाइल्स की शोरूम में चोरों ने नगदी समेत लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया और मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जाकर घटना का जायजा लिया और चोरों की तलाश में जुट गई। पूरा मामला नगर कोतवाली के नेशनल हाईवे किनारे स्थित मोहल्ला भानपुर खालसा का है जहां पर मंगलवार की रात कुछ चोरों ने टाइल्स के शोरूम में चोरी की घटना को अंजाम दिया और नगदी समेत लाखों के माल पर हाथ साफ कर मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी देते हुए मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला कटरा निवासी इरफान ने बताया कि उसका नेशनल हाईवे किनारे टाइल्स का शोरूम है, शोरूम के साथ वही उसका गोदाम भी है जिसमें शोरूम के अंदर जाने का रास्ता बना हुआ है, मंगलवार की रात को दुकान बंद करने के बाद बुधवार सुबह जब मलिक पहुंचे तो गोदाम का शटर टूटा



हुआ था। शोरूम के मालिक के अनुसार चोर एक लाख रुपए की नगदी के अलावा लगभग एक लाख रुपए की पीतल की टोंटियां और कैमरे का डीवीआर समेत लगभग ढाई लाख रुपए का माल लेकर मौके से फरार हो गए हैं। फिलहाल पीड़ित द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई है।इस मामले में गजरौला इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस टीम को मौके पर जायजा लेने के लिए भेजा गया है, थाना पुलिस को तहरीर दी गई है, चोरों की तलाश जारी है।

# हसनपुर उपजिलाधिकारी कार्यालय पर किसानों का हल्ला बोल धरना प्रदर्शन

**किसान समस्याओं को लेकर गरजी भाकियू शंकर सौंपा मांग पत्र**

**हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना):-** किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (शंकर) ने उपजिला अधिकारी कार्यालय हसनपुर का घेराव कर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया और मांगपत्र सौंपा। इस दौरान संगठन के कार्यकताओं ने भ्रष्टाचार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए किसानों की बदहाल स्थिति पर कड़ा रोष प्रकट किया। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता चौधरी जयपाल सिंह ने की, जबकि संचालन चौधरी संजीव कुमारने किया। जिला अध्यक्ष चौधरी नेमपाल सिंह, तहसील अध्यक्ष राकेश चौहान के नेतृत्व में भारी संख्या में किसान धनोरा पहुंचे। 2:00 बजे उपखंड अधिकारी विद्युत मिथलेश यादव चकबंदी अधिकारी किरण पाल सिंह तहसीलदार नया तहसीलदार कृषि विभाग के अधिकारी पहुंचकर किसानों से वार्ता की शासन स्तर की समस्याओं को





शासन को भेजा जाएगा तहसील स्तर की समस्याओं का समाधान यथाशीघ्र निस्तारण करने का भरोसा दिलाया। इस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि गंगा में बाढ़ से हजारों हेक्टेयर फसलें तबाह हो चुकी हैं। वहीं, मध्य गंगा नहर फेस-2 में पानी न छोड़े जाने से किसानों में गहरा आक्रोश है। उन्होंने मांग की कि बहजोई ब्रांच में पानी 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से छोड़ा जाए ताकि मुरादाबाद मंडल के करीब पांच लाख किसानों की फसलें बचाई जा सकें। मुख्यमंत्री के आदेश के अनुसार जिन गांवों में 70% किसान चकबंदी नहीं चाहते, वहां चकबंदी लागू न की जाए। साथ ही गन्ने का मूल्य बढ़ाकर 518 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया जाए। गैर-भुगतान करने वाली चीनी मिलों के गन्ना क्रय केंद्र काटकर , समय पर भुगतान करने वाली मिलों को आवंटित किया जाएं किया जाए। तहसील अध्यक्ष राकेश चौहान ने कहा कि खूंखार कुत्तों वह बंदरों ने सैकड़ो किसने की जान ले ली है, प्रशासन अनजान बना है तत्काल अंकुश लगाया जाए। जिला अध्यक्ष चौधरी नेमपाल सिंह ने साफ चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का निस्तारण जल्द नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान बिजली निजीकरण को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे और ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर नहीं लगने दिए जाएंगे। जरूरत पड़ने पर किसान भूख हड़ताल भी करेंगे। धरना-प्रदर्शन के बाद किसान नेताओं ने उपजिला अधिकारी को मांगपत्र सौंपा और समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन मिला। इस मौके पर चौधरी धर्मवीर सिंह,राकेश रतनपुर ,कैप्टन वीर सिंह चौहान,दौलतराम, नरेश खरी, बबीता रानी,जरीना बेगम, अशोक चौधरी ,संतोष ,नीरज जगतवीर सिंह, डॉ योगेंद्र खड़कवंशी, मुकुट लाल सैनी, भारत राम सैनी, राजपाल सैनी, जगतपाल सैनी,मदनपाल सैनी ,कुशल पाल सैनी, वीर सिंह सैनी ,भारत सैनी, रामपाल सिंह, जितेंद्र राणा, गजराम चौहान, सुरेंद्र सिंह, जविंदर सिंह, रमेश सिंह, डॉ. गोपाल सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हरियाणा में एएसआई पर हमला, वर्दी फाड़ी, फिर सिर पर मारा..., माता मनसा देवी मंदिर के बाहर हुई घटना



पंचकूलाः सेक्टर-5 स्थित माता मनसा देवी मंदिर परिसर में एक गंभीर घटना में एएसआई सुखजेंट सिंह पर प्रसाद मार्केट के दुकानदारों द्वारा हमला किया गया। हमलावरों ने एएसआई के सिर पर पत्थर से वार किया और उनकी वर्दी फाड़ दी। घटना के दौरान अन्य पुलिसकर्मियों के साथ भी मारपीट की गई। जानकारी के अनुसार, थाना माता मनसा देवी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-5 के जांच अधिकारी एएसआई सुखजेंट सिंह, एक महिला की शिकायत पर प्रसाद मार्केट पहुंचे थे। वहां उन्होंने देखा कि कुछ लोग पीसीआर और राइडर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से मारपीट कर रहे थे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए जब वह हस्तक्षेप करने पहुंचे, तो किसी ने पीछे से उनके सिर पर पत्थर मार दिया। इसके बाद भीड़ में मौजूद लोगों ने उनकी वर्दी फाड़ दी। एएसआई सुखजेंट सिंह के अनुसार, महिला सोना ने उनका बाजू पकड़कर वर्दी फाड़ी, जबकि उसके बेटे साहिल ने अपनी जेब से पत्थर निकालकर सिर पर मारा। पत्थर लगने से एएसआई के सिर से काफी खून बहने लगा, जिसे वह रूमाल से रोकने की कोशिश करते रहे। इसके बाद घायल एएसआई को अन्य पुलिसकर्मी सेक्टर-6 के सामान्य अस्पताल लेकर गए। घटना के बाद सुरक्षा बढ़ाई गई मेले के दौरान हुई इस हिंसक घटना के बाद मंदिर परिसर, विशेष रूप से प्रसाद मार्केट क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। अब वहां अतिरिक्त पुलिस बल के साथ-साथ सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी भी तैनात किए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की पुनरावृत्ति को रोका जा सके। थाना प्रभारी (एसएचवो) विरेंद्र ने बताया कि सरकारी कार्य में बाधा डालने, पुलिसकर्मियों से मारपीट करने और वर्दी फाड़ने के मामले में महेन्द्र सिंह, उनकी पत्नी सोना, बेटे साहिल और बेटी नेहा सभी निवासी भैसा टिब्बा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 115(2), 221, 190, 191(2), 121, 351(2), 132 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। एसएचवो के अनुसार, आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# हरियाणा के बेटे ने रचा इतिहास, -40 तापमान... नरेंद्र ने विश्व की 8वीं सबसे ऊंची चोटी पर फहराया तिरंगा



चंडीगढ़ः हरियाणा के लाल हिसार जिले के नलवा हलके के गांव मिंगनी खेड़ा के बेटे पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने दुनिया की सबसे दुर्गम और विश्व की आठवीं सबसे ऊंची चोटी माउंट मनास्लु (8163 मीटर ) पर 22 सितम्बर को सुबह 6 बजे अपनी चढ़ाई पूरी करके भारतीय तिरंगा फहराया है। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने अपनी इस उपलब्धि से हरियाणा ही नहीं ब्लकि पूरे देशवासियों को गौरवान्वित किया है। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने दुनिया की सबसे दुर्गम और विश्व की आठवीं सबसे ऊंची चोटी माउंट मनास्लु जिसकी चढ़ाई 8163 मीटर है, पर तिरंगा झंडा फहराने के साहसी अभियान की शुरूआत 07 सितम्बर 2025 को शुरू किया और 22 सितम्बर 2025 को सुबह 6:00 बजे तिरंगा फहराकर एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है।

पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने अपने इस अभियान को 15 दिन में पूरा किया, जिसमें उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। रास्ते मे मौसम बहुत खराब था और तापमान भी -40 तक पहुच गया था एवलांच का खतरा हमेसा बना हुआ था। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने अपनी माउंटेनियरिंग की यात्रा 2019 में अटल बिहारी इंस्टीट्यूट, मनाली से बेसिक कोर्स से शुरू की थी और इसे 2021 में हिमालयन माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट, दार्जिलिंग में एडवांस कोर्स से आगे बढ़ाया। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार के पिता सुभाष चंद्र, जो एक्साइज एंड टैक्सेशन ऑफिसर के पद से रिटायर हैं, ने हमेशा उनका समर्थन किया है।

पर्वतारोही नरेंद्र कुमार की महत्पूर्ण उपलब्धियां पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने दुनिया की सबसे दुर्गम और विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट मनास्लु जिसकी चढ़ाई 8163 मीटर है, इसको अभी 22 सितम्बर को पूरा किया इससे पहले वे पहले हरियाणवी पर्वतारोही हैं जिन्होंने माउंट अन्नपूर्णा (ऊंचाई 8,091 मीटर) पर तिरंगा फहराया, और उन्होंने पर्वतारोहण में कई राष्ट्रीय एवं विश्व स्तरीय उपलब्धियां भी हासिल की हैं। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने इससे पहले पर्वतारोहण में कई राष्ट्रीय और विश्व स्तरीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जिनमें माउंट किलिमंजारो पर 5 दिनों में 2 बार चढ़ाई करके विश्व रिकॉर्ड बनाना शामिल है। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार हरियाणा के पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने माउंट ल्होत्से (8516 मीटर) पर चढ़ाई की है और 15 अगस्त 2021 को आजादी के 75वें अमृतमहोत्सव के उपलक्ष्य में माउंट युनम पर 151 फीट लंबा और 9 फीट चौड़ा भारत का राष्ट्रीय ध्वज फहराया। नरेंद्र कुमार ने जुलाई में यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रुस 5642 मीटर को फतेह किया था बता दे कि पर्वतारोही नरेंद्र कुमार पीएम नरेंद्र मोदी की मुहिम फिट इंडिया के ब्रांड एम्बेसडर है और वे फिट इंडिया को प्रमोट करते हैं युवाओं को नशे से दूर करते हैं। फिटनेस को बढावा देते हैं और फिटनेस को बढावा देते हुए माउंट मनास्लु को फतेह किया है। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार अपने कीमती समय में से समय निकाल कर बच्चों को माउंटेनियरिंग और एडवेंचर के प्रति प्रेरित करते हैं और बच्चों को करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार का मुख्य लक्ष्य विश्व की 14 सबसे ऊंची चोटियों पर तिरंगा फहराना है।

## रेड जोन में आए हरियाणा के 2 गांव, 50 किसानों पर रहेगी अधिकारी की नजर



कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र जिले में पराली जलाने का पहला मामला गांव अजरावर से सामने आया है। एक किसान ने 2 एकड़ खेत में फसल अवशेष जलाए, जिस पर कृषि विभाग ने 5 हजार रुपये जुमार्ना लगाया और पुलिस में मामला दर्ज कराया। विभाग ने किसान की रिकॉर्ड में रेड एंट्री कर दी है, जिसके चलते वह 2 साल तक अपनी फसल एमएसपी पर नहीं बेच सकेगा। कृषि विभाग ने पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए 54 हजार किसानों पर निगरानी के लिए 666 अधिकारियों और कर्मचारियों को तैनात किया है। सेटेलाइट से भी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। रेड जोन में आए ये गांव विभागीय रिपोर्ट के अनुसार, जिले के गुमथला गहू और किरमिच गांव रेड जोन में हैं, जबकि 20 गांव यलो जोन में हैं। रेड जोन में 50 किसानों पर निगरानी रखने के लिए एक अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई है, जबकि अन्य क्षेत्रों में 100 किसानों पर एक अधिकारी तैनात है।

## नीदरलैंड की तर्ज पर गुरुग्राम में बनेगा वाइल्डलाइफ अंडरपास, अब जानवर नहीं बनेंगे हादसों का शिकार



**हरियाणाः** हरियाणा वन्यजीव विभाग ने जंगली जानवरों की सुरक्षा और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। नीदरलैंड की तर्ज पर अब गुरुग्राम में दिल्ली-जयपुर हाईवे और गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड पर कुल 6 वाइल्डलाइफ अंडरपास बनाए जाएंगे। ये अंडरपास वन्य जीवों के लिए सुरक्षित गलियारों का काम करेंगे, जिससे जानवर बिना किसी खतरे के सड़क पार कर सकेंगे। अंडरपास की आवश्यकता क्यों? गुरुग्राम और इसके आसपास के जंगलों में तेंदुआ, नीलगाय, हिरण जैसे कई वन्य जीव पाए जाते हैं। ये जानवर भोजन और पानी की तलाश में अक्सर हाईवे पार करते हैं, जिससे कई बार वे वाहन दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। पिछले कुछ वर्षों में गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड और दिल्ली-जयपुर हाईवे पर वन्य जीवों की मौत की कई घटनाएं दर्ज हुई हैं। वन्य जीव विभाग का बयानगुरुग्राम के वन्य जीव अधिकारी आर. के. जांगड़ा ने कहा, "हाईवे पार करते समय वन्य जीवों के साथ होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षित गलियारों की सख्त जरूरत थी। हमने 6 संभावित स्थान चिन्हित किए हैं, जहां अंडरपास बनाए जाएंगे। इस प्रक्रिया में आम जनता और वन्य जीव विशेषज्ञों के सुझावों को भी शामिल किया जा रहा है। यह कदम क्षेत्र की जैव विविधता की सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा।"

## इंटरनेट पर छाया फिट हरियाणी जोड़ा, 55 की उम्र में 3 मिनट में 100 दंड, संसद आतंकी हमले लगी थी गोली



बहादुरगढ़ : बहादुरगढ़ के ओमेक्स पार्क निवासी और दिल्ली पुलिस में सब-इंस्पेक्टर समर सिंह धनखड़ अपनी फिटनेस और जुझारूपन के लिए चर्चा में हैं। 55 साल की उम्र में भी वह 60 किलो वजन के साथ कड़ी एक्सरसाइज करते हैं और उनकी पत्नी सुदेश भी हर दिन उनका साथ देती हैं। जिस वजह से दोनों के एक्सरसाइज वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल होते हैं। समर सिंह 3 मिनट में 100 दंड लगाते हैं, 1 मिनट 1 सेकेंड में 101 सपाटे मारते हैं और 4 मिनट 25 सेकेंड तक सांस रोकने का रिकॉर्ड बना चुके हैं।

झज्जर जिले के बाघपुर गांव के रहने वाले समर सिंह का फिटनेस के प्रति जुनून बचपन से है। उनके दादा रणजीत सिंह उन्हें गुरुकुल में योग-व्यायाम के लिए लेकर जाते थे। 2001 में संसद पर आतंकी हमले के दौरान गोली लगने के बावजूद उनकी फिटनेस यात्रा रुकी नहीं। वह रोजाना एक घंटा पुश-अप्स, मोर चाल और हैंडस्टैंड जैसी कठिन कसरतें करते हैं। खानपान में दूध, दही, घी और घर में उगाई सब्जियां शामिल हैं।जनवरी 2025 में बेटे राहुल के सुझाव पर उन्होंने इंस्टाग्राम पर फिटनेस वीडियो बनाना शुरू किया और अब तक 280 से अधिक वीडियो अपलोड कर चुके हैं। उनकी पत्नी और बेटा शूटिंग में मदद करते हैं, जबकि एडिटिंग का काम वे खुद करते हैं। सुदेश का कहना है कि उन्हें जीवन में केवल अपने पति का साथ चाहिए और वह हर कदम पर उनका समर्थन करती हैं।

सिनेमा अग्निकांड में बचाई थी 17 लोगों की जानसमर सिंह का करियर भी बहादुरी की कहानियों से भरा है। 1997 में उपहार सिनेमा अग्निकांड में 17 लोगों की जान बचाने के लिए उन्हें आउट-ऑफ-टर्न प्रमोशन मिला। 2011 में कनॉट प्लेस पर फिल्म प्रमोशन के दौरान लापरवाह ड्राइविंग पर उन्होंने अभिनेता इमरान हाशमी का चालान काटा था। उन्हें पन्नाधाय पुरस्कार समेत कई सम्मान मिल चुके हैं।

## हरियाणा का एक अनोखा मंदिर, जहां मिलता है दूधो नहाओ पूतो फलों का आशीर्वाद



अंबाला : अंबाला शहर स्तिथ मां दुखभंजनी मंदिर उत्तरी भारत में एक ऐसा मंदिर है जहा मां का स्नान दूध से किया जाता है। शहर स्तिथ मां के मंदिर में हर तीसरे नवरात्रे यानी मां चंद्रघंटा के दिन मां का दूध से स्नान करवाया जाता है, ऐसी मान्यता है की जो भी महिला भक्त आज के दिन पूरी श्रद्धा के साथ मां का स्नान दूध से करवाता है उसे "दूधो नहाओ पूतो फलों" का आशीर्वाद मिलता है। आज सुबह से भी भक्त मंदिर आकार मां का दूध स्नान करवा रहे है, कुछ तो मां के भजनों पर नाचते और झूमते भी दिखाई दिए। इस बारे में ज्यादा जानकारी देते हुए मंदिर के पंडित पंकज ने बताया की नवरात्रे के पवन अवसर चल रहा है, आज तीसरे नवरात्रे के दिन मां का दूध से स्नान किया जाता है, ये प्रथा सदियों से चलती आ रही है। इसके बाद मां की पालकी पूरे शहर में निकाली जाएगी और फिर कल मां का ताज पोषी कार्यक्रम किया जायेगा जो सिर्फ उच्च मंदिरों में किया जाता है।

## 11 वर्षीय छात्रा से दुर्व्यवहारः प्रिंसिपल ने क्लास रूम साफ करवाए




चंडीगढ़ : हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने सोनीपत के रिढाना गांव स्थित निजी विद्यालय में 11 वर्षीय छात्रा के साथ हुए दुर्व्यवहार का संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई की है। आयोग को मिली जानकारी के अनुसार, विद्यालय की प्राचार्या ने होमवर्क पूरा न करने पर छात्रा से 50 उठक-बैठक करवाई। वहीं क्लास रूम का फर्श और एक अन्य क्लास रूम का एरिया साफ कराया। इसके बाद भी छोटे बच्चों से शेम-शेम कहलवाकर उसका सार्वजनिक अपमान किया गया। प्राचार्या ने पीड़ित छात्रा को बाल मुंडवाने की धमकी भी दी। घटना के बाद बच्ची मानसिक आघात से जूझ रही है। फिलहाल पीड़िता छात्रा का इलाज चल रहा है। आयोग की पीठ ने कहा कि यह घटना बच्चे के शिक्षा के अधिकार, गरिमा और मानसिक सुरक्षा का उल्लंघन है। आयोग ने जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत और पुलिस आयुक्त से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जिसमें RTE अधिनियम का पालन, विद्यालय की अनुशासन नीति, उठाए गए प्रशासनिक कदम, एफआईआर और जांच की स्थिति शामिल होगी। दोनों रिपोर्ट 28 अक्तूबर 2025 तक आयोग में पेश करनी होंगी।

## एसीपी ने युवकों को हाईवे पर लगवाए पुशअप्स, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल



बहादुरगढ़ : बहादुरगढ़ के रोहद टोल प्लाजा के पास नेशनल हाइवे पर स्टंटबाजी कर रहे युवाओं को स्टंट करना भारी पड़ गया। एसीपी दिनेश सांगवान ने युवाओं को अनोखी सजा दी है। युवाओं का चालान काटने की बजाय उन्हें जमकर फटकार लगाई और उनसे पुशअप्स भी लगवाए। युवाओं से पुशअप्स लगवाने का वीडियो सोशल मीडिया पर भी काफी वायरल हो रहा है। एसीपी दिनेश कुमार ने बताया कि रोहतक के रहने वाले कुछ युवक थार और वरना कार में बैठकर स्टंटबाजी कर रहे थे। मामला कल देर शाम है। दौरान गश्त पर निकले एसीपी आसौदा दिनेश सांगवान ने उन्हें रोक लिया। एसीपी ने युवाओं को कड़ी फटकार लगाई और सड़क सुरक्षा का महत्व समझाते हुए हाइवे पर ही पुशअप्स करवाई। उन्होंने युवाओं को ट्रैफिक नियमों का पालन करने और स्टंटबाजी से दूर रहने की सख्त हिदायत दी। एसीपी ने स्पष्ट किया कि इस तरह की हरकतें न केवल उनकी जान के लिए खतरनाक हैं बल्कि सड़क पर अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा करती हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में दोबारा ऐसा करते पकड़े जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हम आपको बता दें कि एसीपी दिनेश कुमार अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर है। वे लगातार 10 साल तक बॉक्सिंग के नेशनल चैम्पियन रहे हैं। इतना ही नहीं 2010 में उन्होंने कामल्वेल्थ गेम्स में गोल्ड मैडल हासिल किया था। वे पिछले काफी समय से बहादुरगढ़ में बतौर एसीपी तैनात हैं। उन्होंने इंस्पेक्टर रहते हुए भी बहादुरगढ़ में बतौर ट्रैफिक एसएचओ सेवाएं दी थी। एसीपी दिनेश कुमार समय समय पर पटाखा बुलेट मोटरसाइकिल और ट्रैफिक नियमों का उलंघन करने वाले लोगों के खिलाफ अभियान चलते रहते हैं और युवाओं को अनोखे तरीके से सबक सिखाते रहते है।

## घर के बाहर फायरिंग करने मामले में पुलिस को मिली कामयाबी, हथियार समेत 2 आरोपी गिरफ्तार



पानीपत : सीआईए थ्री पुलिस टीम ने नूरवाला की दिनानाथ कॉलोनी में बीती 9 सितंबर की रात घर के बाहर फायरिंग करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 5 देसी पिस्तौल, 6 रौंद और 1 खोल बरामद हुए है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि थाना तहसील कैंप में दिनानाथ कॉलोनी निवासी मोहन उर्फ शिव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह ई रिक्शा चलाता है। उसके पास करीब एक सप्ताह पहले एक नंबर से वॉट्सऐप कॉल कर 50 हजार रुपये मांगे गए थे। पैसे ना देने की सूरत में धमकी दी थी। वह 9 सितंबर की रात घर पर परिवार सहित सो रहा था। रात करीब 12 बजे किसी ने घर की बेल बजाई। तभी गोली चलने की आवज सूनाई दी। वह डर के मारे घर के बाहर नहीं निकले। सीसीटीवी फुटेज चेक किए तो दो अज्ञात युवक उनके घर पर गोली चलाते नजर आ रहे है। एक गोली मकान में भी लगी है। थाना तहसील कैंप में मोहन की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ शुरू कर दी थी।

प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह के संज्ञान में मामला आते ही उन्होंने थाना तहसील कैंप पुलिस के अतिरिक्त सीआईए थ्री पुलिस टीम को आरोपियों की धरपकड़ की जिम्मेदारी सौंपी थी। सीआईए थ्री की टीम ने सोमवार देर शाम मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर दोनों आरोपियों को सेक्टर 25 स्थित जिमखाना कल्ब के पास खाली ग्राउंड से अवैध हथियारों सहित काबू किया। आरोपियों की पहचान जावा कॉलोनी निवासी आकाश पुत्र बलवान व इंद्रा कॉलोनी निवासी पिंकू पुत्र कृष्णपाल के रूप में हुई है। मौके पर तलाशी के दौरान आरोपी आकाश के पास से 3 देसी पिस्तौल, 4 रौंद व आरोपी पिंकू के पास से 2 देसी पिस्तौल, 2 रौंद और एक खोल बरामद हुआ है। दोनों आरोपियों ने पूछताछ में फायरिंग की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उन्होंने जबरन वसूली का दबाव बनाने के मोहन के घर के बाहर गली में फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया था। पूछताछ में अपराध किया कबूल

प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने उक्त वारदात के अतिरिक्त अपने अन्य कई साथी आरोपियों के साथ मिलकर गत 12 अगस्त को वधावाराम कॉलोनी निवासी मांगेराम के साथ देवी मंदिर के पास मारपीट व 19 अगस्त को नूरवाला की इंद्रा विहार कॉलोनी में गोदाम में धूसकर इंद्रा विहार कॉलोनी निवासी गोदाम संचालक मोहन पर डंडो व गंडासी से हमला करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। उक्त दोनों वारदातों बारे थाना तहसील कैंप में अलग अलग अभियोग दर्ज है। दोनों आरोपियों पर 8-8 मामले दर्ज प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि दोनों आरोपियों का पहले भी आपराधिक रिकार्ड होना पाया गया है। दोनों आरोपी गत फरवरी माह में पानीपत जेल से बेल पर बाहर आए थे। आरोपियों पर मारपीट, जानलेवा हमला, चोरी का प्रयास व आर्म्स एक्ट की वारदातों के पानीपत के विभन्न थाना में 8-8 मामले दर्ज है। पुलिस ने मंगलवार को दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपियों से गहनता से पूछताछ करने के साथ ही असला सप्लायर के ठीकानों का पता लगा काबू करने का प्रयास करेगी।

## राइस मिल में हादसा, हाइड्रा मशीन के पलटने से नीचे दबी महिला, मौके पर मौत

**कैथलः** कैथल की एक राइस मिल में हादसा हुआ, जिसमें एक महिला की मौत हो गई। ये हादसा गांव तितरम से खेड़ीशेरू के रास्ते पर स्थित एक राइस मिल में हाइड्रा मशीन के पलटने से हुआ। सूचना मिलने पर गांव के सरपंच और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। तितरम थाना पुलिस की टीम ने भी मौके का दौरा किया। जानकारी के अनुसार श्री गणेश फूड के नाम की राइस मिल में रोजाना की तरह महिला काम के लिए आई थी। शाम के समय राइस मिल में लगी हाइड्रा मशीन के पलट गई। इस हादसे में महिला की दबने से मौत हो गई। महिला की पहचान गांव शेरूखेड़ी निवासी करीब 40 वर्षीय कविता देवी के रूप में हुई। महिला अपने पीछे तीन बच्चे छोड़ गई। हादसे की सूचना मिलने पर महिला के परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पुलिस भी मौके पर पहुंची। इस दौरान परिजनों ने आरोप लगाया कि छुट्टी का समय शाम पांच बजे का है, लेकिन इसके बाद भी काम करवाया जा रहा था। मशीन के नीचे दबने से यह हादसा हुआ है। सास ने बताया कि उसकी बहू पिछले 2 साल से इस मिल में मजदूरी का काम करती थी। गांव खेड़ीशेरू के सरपंच अनिल कुमार ने बताया कि हादसे के बारे में जानकारी मिलने पर वे मौके पर पहुंचे। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की कि मृतक महिला के परिवार वालों को आर्थिक सहायता की जाए।

# हरियाणा में खेल महाकुंभ का दूसरा चरण शुरू, सीएम सैनी बोले- आत्मविश्वास की पाठशाला है खेल




**हरियाणा :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पंचकूला के सेक्टर 3 स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित खेल महाकुंभ के दूसरे चरण का उद्घाटन करने पहुंचे। इस अवसर पर हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम भी बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे। बता दें हरियाणा खेल महाकुंभ का दूसरा चरण आज से शुरू होकर 26 सितंबर 2025 तक चलेगा। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रदेश के लगभग 3013 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस चरण में जूडो, कराटे, कुश्ती, टेबल टेनिस, महिला एवं पुरुष वर्ग की वॉलीबॉल और पुरुष वर्ग की हॉकी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का संबोधन में कहा कि खेल महाकुंभ के पहले चरण का आयोजन 2 अगस्त को किया गया था। गत वर्ष पेरिस पैरालंपिक में देश ने 29 पदक जीते, जिनमें से 8 पदक हरियाणा के खिलाड़ियों के नाम हैं। इन 8 पदक विजेताओं को 42 करोड़ रुपये की नकद राशि के साथ सम्मानित किया गया। खेल महाकुंभ की शुरूआत 2017 में हरियाणा के स्वर्ण जयंती वर्ष में हुई थी, तब से अब तक पांच सफल आयोजन हो चुके हैं। हाल ही में हुए पहले चरण में 26 खेलों में कुल 15,410 खिलाड़ी शामिल हुए, जबकि दूसरे चरण में 9,959 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं बल्कि अनुशासन, समर्पण और आत्मविश्वास की पाठशाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 1489 खेल नर्सरियां खोली गई हैं, जहां 37,225 खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। 8-14 वर्ष के खिलाड़ियों को 1500 रुपये और 15-19 वर्ष के खिलाड़ियों को 2000 रुपये प्रति माह की आर्थिक सहायता दी जा रही है। प्रशिक्षकों को 25,000 रुपये का मानदेय मिलता है। हरियाणा उत्कृष्ट खिलाड़ी सेवा नियम 2021 के तहत 550 नए पद सृजित किए गए हैं, जिनमें अब तक 224 खिलाड़ियों को नौकरी दी गई है। सरकार ने अब तक 641 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की है। उन्होंने कहा कि 2014 से 24,000 से अधिक छात्रों को 69.91 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति दी गई है। 15,634 खिलाड़ियों को खेल उपकरण भी प्रदान किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों को खेल महाकुंभ की बधाई देते हुए कहा कि खेल को खेल भावना के साथ खेलकर हम एक मजबूत भारत का निर्माण करें।

## अंबाला में 6 महीनों से डिपो होल्डर्स परेशान, सरकार से की ये मांग



अंबाला : हरियाणा में पिछले 6 महीनों से डिपो होल्डर्स को उनकी कमीशन नही मिली है। जबकि उन्हें राशन खरीदने के लिए एडवांस में पेमेंट करनी होती है। इस सब के चलते अंबाला के डिपो होल्डर काफी परेशान दिखाई दे रहे हैं। उनका कहना है 6 महीने का समय काफी लंबा होता है उन्हें कमीशन नही मिली है, जिस वजह से उन्हें तंगी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कुछ समय मे इन्होंने राशन वितरित करने वाली मशीनों में खराबी को भी झेला है हालांकि अब वो ठीक हो गई है लेकिन विभाग को इन सब चीजों का ख्याल रखना चाहिए। डिपो होल्डर्स की मांग है कि उन्हें जल्द से जल्द उनकी कमीशन मिल जाए ताकि वे अपना घर अच्छे से चला सकें। ऐसा नही है कि इसकी जानकारी विभाग को नही है। वे पूरे मामले से अवगत है। खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी है लेकिन अभी इस सब के बावजूद कोई हल नही निकला है। अंबाला कैंट एएफएसवो ने बताया इसकी जानकारी विभाग को दे दी गयी है यह दिक्कत सिर्फ अंबाला में नही बल्कि पूरे हरियाणा में है जल्द इसका समाधान किया जाएगा।

# टी20 रैंकिंग में भारत का दबदबा, पांड्या-चक्रवर्ती और अभिषेक टॉप पर बरकरार

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या, रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने बुधवार को जारी आईसीसी टी20 रैंकिंग में अपने-अपने वर्ग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा। पिछले हफ्ते दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बने चक्रवर्ती ने 14 रेटिंग अंक के फायदे से शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की। उनके 747 अंक हो गए हैं।




### पाकिस्तान और बांग्लादेश के खिलाड़ियों की प्रगति

पिछले हफ्ते 11 स्थान की छलांग लगाने वाले पाकिस्तान के अबरार अहमद को नवीनतम रैंकिंग में 12 स्थान का फायदा हुआ है। बांग्लादेश के अनुभवी तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान ने छह स्थान के फायदे के साथ शीर्ष 10 में वापसी की है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने एशिया कप के अपने पिछले दो मैच में आठ के औसत से छह विकेट चटकाए हैं।

### पांड्या का ऑलराउंड प्रदर्शन

ऑलराउंडर सूची में शीर्ष पर बरकरार पंड्या गेंदबाजी रैंकिंग में छह स्थान आगे बढ़कर 60वें स्थान पर हैं।

### अभिषेक की धमाकेदार बल्लेबाजी

बल्लेबाजी रैंकिंग में सलामी बल्लेबाज अभिषेक ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। उन्होंने ओमान के खिलाफ भारत के अंतिम ग्रुप मैच में 38 रन की तेजतर्रार पारी खेलने के अलावा रविवार को पाकिस्तान के 171 रन के स्कोर का पीछा करते हुए 74 रन की मैच विजयी पारी खेली। पाकिस्तान के खिलाफ 19 गेंद में नाबाद 30 रन की पारी खेलकर भारत को लक्ष्य तक पहुंचने में मदद करने वाले तिलक वर्मा को भी तीन स्थान का फायदा हुआ है।

### सूर्यकुमार, फरहान और तलत का उभार

कप्तान सूर्यकुमार यादव भी एक स्थान के फायदे से शीर्ष पांच में जगह बनाने के करीब पहुंच गए हैं। भारत के खिलाफ 45 गेंद में 58 रन की पारी खेलने वाले पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान 31 स्थान के फायदे से 24वें पायदान पर हैं। श्रीलंका के खिलाफ धैर्यपूर्ण पारी खेलकर पाकिस्तान को जीत दिलाने वाले हुसैन तलत 1474 अंक की लंबी छलांग लगाकर पुरुष टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में संयुक्त रूप से 234वें स्थान पर हैं।

### सैफ हसन की शानदार पारी

बांग्लादेश के सैफ हसन भी सुपर चार चरण के मैच में 61 रन की पारी खेलने के बाद 133 रन के फायदे से 81वें पायदान पर हैं।

## प्रसिद्ध कृष्णा के सिर में लगी चोट, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच के दौरान हादसा



**लखनऊ (एजेंसी)।** भारत ए के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को आज ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दूसरे मैच के दौरान सिर में चोट लग गई, जिसके बाद बाकी बचे मैचों के लिए यश ठाकुर को कन्कशन सब्स्टीट्यूट के तौर पर मैदान में उतारा गया। यह घटना मैच के दूसरे दिन हुई जिससे वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज से पहले चिंताएं बढ़ गई हैं। भारत ए की पारी के 39वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया ए के तेज गेंदबाज़ हेनरी थॉर्नटन की गेंद कृष्णा के हेलमेट पर लगी, जब वे बाउंसर को पुल करने की कोशिश कर रहे थे।

चोट लगने के बाद कृष्णा का अनिवार्य कन्कशन असेसमेंट हुआ और उन्होंने शुरुआत में अपनी पारी जारी रखी। हालांकि, 42वें ओवर के बाद वे ड्रेसिंग रूम वापस चले गए और उनकी जगह मोहम्मद सिराज क्रीज पर आए। भारत ए की पारी आगे बढ़ने पर सिराज के आउट होने के बाद गुरनूर बरार 11वें नंबर पर आए। जब साई सुदर्शन आउट हुए तो यश ठाकुर को कन्कशन सब्स्टीट्यूट नियमों के तहत अंतिम एकादश में कृष्णा की जगह आधिकारिक तौर पर शामिल किया गया। भारत ए पहली पारी में 194 रन पर आउट हो गई और ऑस्ट्रेलिया ए के 420 रनों के विशाल स्कोर से पीछे रह गई। दूसरे दिन स्टंप्स के समय ऑस्ट्रेलिया ए ने अपनी दूसरी पारी में 3 विकेट पर 16 रन बनाए थे और मैच में अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखी। कृष्णा की चोट की गंभीरता की अभी पुष्टि नहीं हुई है। भारत के चयनकर्ता 2 अक्टूबर से शुरू हो रही वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी दो मैचों की श्रृंखला के लिए टेस्ट टीम को अंतिम रूप देने के लिए आज बैठक करने वाले हैं। कृष्णा जसप्रीत बुमराह, सिराज और आकाश दीप के साथ तेज गेंदबाजी विभाग के दावेदारों में शामिल हैं। इन गेंदबाजों ने इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के पांच टेस्ट मैचों के दौरे के दौरान भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण का आधार बनाया था, जहां कृष्णा ने तीन मैचों में 37.07 की औसत से 14 विकेट लिए थे। वर्तमान भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए श्रृंखला अगस्त के पहले सप्ताह में इंग्लैंड दौरे के समापन के बाद से कृष्णा का पहला प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन है। पहले मैच में उन्होंने 21 ओवर में 90 रन देकर एक भी विकेट नहीं लिया था और दूसरे मैच की पहली पारी में उन्होंने 17 ओवर में 76 रन देकर 1 विकेट लिया था।

## अभिषेक 900 रेटिंग का आंकड़ा पार करने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बने

**दुबई (एजेंसी)।** एशिया कप क्रिकेट में आक्रामक बल्लेबाजी कर सभी को प्रभावित करने वाले भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को आईसीसी टी20 रैंकिंग में 23 अंकों का लाभ हुआ है। एशिया कप 2025 में ओमान के खिलाफ 38 और पाकिस्तान के खिलाफ 74 रनों की पारी खेलने के बाद उनकी रेटिंग 907 पहुंच गई है। इसी के साथ ही अभिषेक 900 रेटिंग का आंकड़ा पार करने वाले सूर्यकुमार यादव और विराट कोहली के बाद तीसरे भारतीय बल्लेबाज बने हैं। सबसे अधिक रेटिंग अंक इंग्लैंड के डेविड मलान के नाम 919 हैं। वहीं दूसरे नंबर पर सूर्यकुमार यादव हैं उनके 912 जबकि विराट कोहली के 909 रेटिंग अंक हैं। इसके बाद 907 रेटिंग अंक के साथ ही अभिषेक चौथे स्थान पर हैं।



वहीं गेंदबाजी रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती जबकि ऑलराउंडरों में हार्दिक पांड्या शीर्ष पर बरकार हैं। भारतीय बल्लेबाजों में अभिषेक शर्मा के अलावा तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव को 1-1 स्थान का फायदा हुआ है। तिलक तीसरे जबकि सूर्यकुमार छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान 31 स्थान के लाभ के साथ ही 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पाक के ही हुसैन तलत को श्रीलंका के खिलाफ अच्छी पारी खेलने के कारण लाभ मिला है। वह 1474 पायदान की लंबी छलांग लगाकर संयुक्त 234वें स्थान पर पहुंच गए हैं।पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद ने गेंदबाजों की रैंकिंग में 12 पायदानों की लंबी छलांग लगाकर सीधा चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं भारत के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती 747 की रेटिंग के साथ पहले पायदान पर बने हुए हैं। इनके अलावा श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा एक पायदान ऊपर 6ठे जबकि बांग्लादेश के मुस्तफिजुर रहमान 6 पायदान की छलांग लगाकर 9वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

## वैभव सूर्यवंशी ने तोड़ा सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड, शानदार 70 रनों की पारी में लगाए 6 छक्के



**स्पोर्ट्स डेस्क (एजेंसी)।** भारत के 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी अंडर-19 मैच में दर्शकों को मैदान पर खींच ला रहे हैं। आईपीएल 2025 के बाद सूर्यवंशी ने 24 सितंबर को ब्रिस्बेन के इयान हीली ओवल में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दूसरे यूथ वनडे में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। ऐसा करते हुए उन्होंने अंडर-19 क्रिकेट वन-डे में किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

पिछला रिकॉर्ड भारत के अंडर-19 विश्व कप 2012 विजेता कप्तान उन्मुक्त चंद के नाम था, जिन्होंने 38 छक्के लगाए थे। भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन क्रमशः 30 और 22 छक्कों के साथ इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। वहीं इस बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी के अब 10 मैचों में 41 छक्के हो गए हैं। वह एकदिवसीय क्रिकेट में लगभग 13 गेंदों पर एक छक्का लगाते हैं।

मैच में सूर्यवंशी ने धीमी शुरुआत के बाद तेज गति पकड़ी। पिछले मैच में 33 रनों की छोटी पारी खेलने के बाद सूर्यवंशी की शुरुआत धीमी रही क्योंकि उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान आयुष म्हात्रे दो गेंदों पर शून्य पर आउट हो गए। सूर्यवंशी ने चौथे ओवर में अपना पहला चौका लगाया। एक समय वह 29 गेंदों पर 10 रन बनाकर खेल रहे थे।

नौवें ओवर में जॉन जेम्स को मैदान पर उतारा गया और सूर्यवंशी ने उन्हें बैकवर्ड स्क्वेयर लेग पर छक्का जड़ा। 12वें ओवर में सूर्यवंशी ने हेडन शिलर की गेंद पर दो छक्के लगाए। उन्होंने 54 गेंदों में एक छक्के के साथ अपना अर्धशतक पूरा किया। 19वें ओवर में सूर्यवंशी यश देशमुख की गेंद पर आउट हो गए। उन्होंने 68 गेंदों में 70 रन की पारी में 6 छक्कों के अलावा पांच चौके भी लगाए। उनके आउट होने के समय भारत अंडर-19 का स्कोर 117/2 था।

## सैमसन की जगह राहुल होता तो मैच पांच ओवर पहले ही खत्म हो जाता : अख्तर



लाहौर ।पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने कहा है भारतीय टीम में अगर विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन नहीं होते तो पाक टीम सुपर फोर मुकाबले में और भी जल्दी हार जाती ।अख्तर ने एक शो में कहा , अगर इस टीम में केएल राहुल होते तो हमारी और खराब हार होती । उन्होंने कहा कि सैमसन की जगह केएल राहुल को होना था ।अगर वह होता तो एक से बढ़कर एक शॉट लगाता । अगर राहुल होता तो ये मैच पांच ओवर पहले ही समाप्त हो जाता । एशिया कप के सुपर 4 मुकाबले में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया था । पाक टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 171 रन बनाए थे । वहीं भारतीय टीम ने एक ओवर पहले ही चार विकेट के नुकसान पर ये लक्ष्य हासिल कर लिया था । भारतीय टीम की ओर से अभिषेक शर्मा ने 39 गेंद में 74 और शुभमन गिल ने 28 गेंद में 47 रन बनाये जबकि तिलक वर्मा ने 19 गेंदों में 30 रन बनाये । वहीं संजू सैमसन 17 गेंदों में केवल 13 रन ही बना पाये थे । वहीं इससे पहले ग्रुप स्तर के मुकाबले में भी भारतीय टीम ने पाक को एकतरफा मुकाबले में 7 विकेट से हराया था ।

## कार्तिक हांगकांग सिक्सेस में टीम इंडिया की कप्तानी करेंगे, अश्विन भी खेलेंगे



मुम्बई । पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक को नवंबर में होने वाले हांगकांग सिक्सेस टूर्नामेंट के लिये टीम इंडिया का कप्तान बनाया गया है । इस टूर्नामेंट में पूर्व स्पिनर आर अश्विन भी खेलते हुए दिखेंगे । यह टूर्नामेंट सात नवंबर से शुरु होगा । कार्तिक ने कहा , ''हांगकांग सिक्सेस में टीम इंडिया की कप्तानी करना मेरे लिए सम्मान की बात होगी । इसमें मुझे कई अच्छे खिलाड़ियों के साथ खेलने का अवसर मिलेगा, इसलिए में इसमें खेलने को लेकर उत्साहित हूं ।इसमें हमारा लक्ष्य निडर होकर खेलना रहेगा ।'' वहीं हाल में आईपीएल को अलविदा कहने वाले अश्विन भी इस टूर्नामेंट में खेलने को लेकर उत्साहित हैं । संन्यास के बाद ही उन्होंने विदेशी लीग में संभावनाएं तलाशने की बात कह दी थी । ऐसे में हांगकांग सिक्सेज में खेलने को लेकर अश्विन भी काफी उत्साहत हैं । उन्होंने पिछले सप्ताह कहा था कि यह बेहद रोमांचक साबित होगा, जिसमें वह अपने पूर्व साथियों के साथ खेलने को लेकर उत्सुक हैं । अश्विन और कार्तिक के खेलने को लेकर क्रिकेट हांगकांग चाइना के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ भी उत्साहित हैं । श्रॉफ ने कहा , '' कार्तिक को हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिये टीम इंडिया का कप्तान बनाकर हमें खुशी हो रही है । उनकी कप्तानी और अपार अनुभव टीम के काफी काम आयेगा और हमें भरोसा है कि उनकी मौजूदगी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बनेगी ।''

## हार से निराश श्रीलंकाई कप्तान बोले, लगातार दो विकेट गिरने से मैच हमारे हाथ से फिसला

**अबू धाबी (एजेंसी)।** एशिया कप के दूसरे सुपर फोर मैच में पाकिस्तान से मिली हार के बाद श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के कप्तान चरिथ असलांका ने निराशा जतायी है। इस हार से श्रीलंकाई टीम फाइनल की रेस से तकरीबन बाहर हो गयी है। इस मैच में उसे पाक के हाथों पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। वहीं पहले सुपर फोर में उसे बांग्लादेश ने हराया था। असलांका ने माना है कि बल्लेबाजी के दौरान आठवें ओवर में दो बल्लेबाजों के आउट होने से मुकाबला उनकी टीम के हाथ से निकल गया था। असलांका स्वयं उस ओवर में आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे। वहीं उनके बाद अगली गेंद पर ही दासुन शनाका भी पेवेलियन लौट गये। इससे श्रीलंकाई टीम श्रीलंका 133 रन ही बना पायी।

असलांका ने कहा, हमारे सलामी बल्लेबाज अच्छी शुरुआत नहीं दिला पाये। पावरप्ले के अंत तक हमारे पास केवल 53 रन थे। हमने तीन विकेट गंवा दिए थे पर हम तब भी अच्छी स्थिति में थे, क्योंकि पावरप्ले में इतने रन बनाना आसान नहीं होता पर मैं और दासुन लगातार गेंदों पर आउट हो गए और यही वह समय था जब सबसे अधिक नुकसान हुआ।

उन्होंने आगे कहा, जब हम आउट हुए, तब न तो दासुन और न ही मैं बड़े शॉट लगाने के प्रयास कर रहे थे। । हालांकि टीम की खराब बल्लेबाजी के लिए हम इस प्रकार का बहाना नहीं बना सकते। हमें जिम्मेदारी लेनी ही होगी। इस मैच में कामिंदु मेंडिस ने 44 गेंदों पर 50 रन बनाकर टीम को कुछ सम्मानजनक बनाया।

उन्होंने आगे कहा, हमने अपनी पारी के पहले भाग में पांच विकेट गंवा दिए थे, और ऐसे में वापसी करना काफी कठिन होता है। कामिंदु और अन्य खिलाड़ियों ने काफी अच्छा प्रयासा किया पर वानिन्दु के आउट होने से टीम



का और अधिक रन बनाने का सपना टूट गया।

कप्तान ने कहा, हमने अब तक एक अतिरिक्त गेंदबाज के साथ उतरकर देखा है पर तब हमें एक विशेषज्ञ बल्लेबाज की कमी खली जिससे टीम रनों के मामले में पीछे रह गयी। कई बार हमने एक अतिरिक्त बल्लेबाज के साथ खेला है पर तब हम कम गेंदबाज होने से कोर का बचाव नहीं कर पाए। ऐसे में अब हमें सीखना होगा कि र पार्ट-टाइम गेंदबाजों का बेहतर इस्तेमाल कैसे किया जाए। इसमें हमें सुधार करने की जरूरत है।पाक के खिलाफ मुकाबले में श्रीलंका ने इस मुकाबले के लिए अपने गेंदबाजी आक्रमण को मजबूत करने और कामिल मिशारा को बाहर करके करुणारत्ने को उतारा था।

## कमाई कम होने और अवसर नहीं मिलने से डिकॉक ने बदला फैसला

**जोहांसबर्ग (एजेंसी)।** । दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर क्विंटन डिकॉक के एकदिवसीय क्रिकेट में संन्यास से वापसी का राज सामने आया है। इसके दो कारण सामने आये हैं। एक कारण संन्यास के बाद उम्मीद से कम कमाई होना और दूसरा टी20 में खेलने के पर्याप्त अवसर नहीं मिलना है। डिकॉक ने दो साल पहले खेल से संन्यास ले लिया था तब उनकी नजरें विदेशी लीग में मोटी कमाई पर थीं पर उन्हें अधिक लाभ नहीं मिला। इसी कारण उन्हें वापसी करनी पड़ी है। डिकॉक ने साल 2021 में ही टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह



दिया था। इसके बाद से ही वह एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय में सक्रिय थे पर 2023 के एकदिवसीय विश्व कप के बाद उन्होंने एकदिवसीय प्रारूप को भी अलविदा कह दिया था। वह दुनिया की अलग-अलग टी20 लीग्स में खेलना चाहते थे और दक्षिण अफ्रीका के लिए सिर्फ टी20 क्रिकेट खेलने वाले थे पर एकदिवसीय से संन्यास के बाद उन्हें टी20 टीम से भी बाहर कर दिया गया था। उन्होंने अपना अंतिम टी20 मैच दक्षिण अफ्रीका के लिए टी20 विश्व कप 2024 में खेला था। डिकॉक को दक्षिण अफ्रीका की टीम में अधिक अवसर मौके नहीं मिल पा रहे थे। एक साल से ज्यादा समय से वे टी20 टीम से भी बाहर थे। डिकॉक के टीम में लौटने का दूसरा कारण ये भी है कि उनको रिटायरमेंट के बाद टी20 लीग में उतना पैसा नहीं मिल रहा, जितना उनको तब मिलता था जब वे देश के लिए खेलते थे।

## इंग्लैड की महिला क्रिकेटर फेया डेविस अब वकालत करती दिखेंगी




लंदन ।इंग्लैड की महिला क्रिकेटर फेया डेविस अब वकालत करेंगी ।फेया ने 29 साल की उम्र में ही क्रिकेट को अलविदा कह दिया है ।ऐसे में अब उनका पेशा बदल रहा है ।वह पेशेवर क्रिकेटर की जगह पर वकील बन गयी हैं ।फेया ने ये फैसला इसलिए किया है, क्योंकि अब वह वकालत की दुनिया में नाम कमाना चाहती हैं ।वह ट्रेनी सॉलिसिटर के रूप में नय करियर शुरू कर रही हैं ।इस खिलाड़ी ने अपना अंतिम मुकाबला हैंपशायर की टी की ओर से लंकाशायर के खिलाफ एकदिवसीय विश्व कप का फाइनल खेला था ।उस मैच में फेया नंबर चार पर बल्लेबाजी करते हुए 41 गेंदों में 41 रन बनाये थे। इसके अलावा 9.3 ओवर में 38 रन देकर फेया ने एक विकेट भी लिया था हालांकि वह अपनी टीम की हार नहीं टाल पायीं ।फेया ने ससेक्स के लिए डेब्यू किया था ।फेया ने इंग्लैंड के लिए टी20 और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय भी खेले हैं पर वह टेस्ट प्रारुप में जगह नहीं बना पायीं फेया को 35 अंतरराष्ट्रीय मैचों का अनुभव है ।करीब 15 साल तक उन्होंने क्रिकेट खेला, लेकिन अब वह अदालत में बहस करती हुई दिखेंगी ।साल 2019 के बाद से 2023 तक 9 एकदिवसीय और 26 टी20 मैच खेलने वालीं फेया डेविस ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 23 और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10 विकेट लिए थे ।

## 'शाहीन अफरीदी जान दे देगा': संभावित भारत बनाम पाक एशिया कप फाइनल पर बोले पाकिस्तानी तेज गेंदबाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने मंगलवार को अबू धाबी में श्रीलंका के खिलाफ सुपर फोर के करो या मरो वाले मुकाबले में अपनी टीम के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने इस करो या मरो वाले मुकाबले में तीन अहम विकेट चटकाए जिससे पाकिस्तान की एशिया कप 2025 की उम्मीदें जिंदा रहीं। मैच के बाद एक रिपोर्टर ने शाहीन से पूछा कि जब भी पाकिस्तान और भारत के बीच मुकाबला होता है, तो उन्हें कितनी कड़ी निगरानी का सामना करना पड़ता है।

पत्रकार ने पूछा, 'मेरा सवाल यह है कि जब भी पाकिस्तान-भारत मैच होता है, तो हर कोई शाहीन अफरीदी पर नजर रखता है। लेकिन पिछले 4-5 मैचों में शाहीन अफरीदी ने ऐसा प्रदर्शन नहीं किया है। तो, अगर अगले मैच में पाकिस्तान-भारत फाइनल होता है, तो क्या हम शाहीन अफरीदी का खराब फॉर्म फिर से देख सकते हैं?'। अफरीदी ने एक शरारती मुस्कान के साथ जवाब दिया, 'क्या आप मुझे ड्रॉप करने की कोशिश कर रहे हैं? (हंसते हुए)। अगर शाहीन अफरीदी पाकिस्तान से खेलेगा, तो अपनी जान भी दे देगा।'

एशिया कप में पाकिस्तानी खिलाड़ियों के आक्रामक व्यवहार की कई घटनाएं भी देखने को मिलीं - प्रशंसकों और विरोधियों, दोनों के प्रति और अफरीदी से पूछा गया कि क्या यह आक्रामकता हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान जैसे खिलाड़ियों की पूर्व नियोजित रणनीति का हिस्सा थी। रऊफ जहां भारतीय प्रशंसकों का मजाक उड़ाते नजर आए, वहीं रविवार को सुपर फोर मुकाबले के दौरान फरहान के गोलीबारी वाले जश्न की भी आलोचना हुई।

अफरीदी ने कहा, 'आक्रामक होने की कोई खास योजना नहीं है, हम खेलना शुरू करने के बाद से ही आक्रामक रहे हैं। क्रिकेट इसी तरह खेला जाता है और टीम का मनोबल ऊंचा रखा जाता है।' जब उनसे पूछा गया कि क्या टीम ने संभावित भारत-पाकिस्तान फाइनल पर चर्चा की है, तो अफरीदी ने इस चर्चा को कमतर आंकते हुए कहा। उन्होंने कहा, 'हम अभी फाइनल में नहीं हैं, जब पहुंचेंगे, तब इस बारे में सोचेंगे।'




## इंडियन फुटबॉल के लिए बुरी खबर, 2026 एशियाई खेलों में हिस्सा नहीं ले पाएगी पुरुष टीम



नई दिल्ली ।भारतीय फुटबॉल प्रेमियों के लिए बुरी खबर है ।दरअसल, साल 2018 में एशियाई खेलों में हिस्सा नहीं ले पाने के बाद भारतीय फुरुष फुटबॉल टीम का अगले साल होने वाले एशियन गेम्स में हिस्सा लेना एक बार फिर असंभव लग रहा है ।बता दें कि, भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम को एशियाई खेलों में हिस्सा लेने के लिए फिर सरकार की दया पर निर्भर होगी । वहीं जापान के आइची–नागोया में 20वें एशियाई खेल होने हैं ।इस बहुत–खेल प्रतियोगिता का 19 सितंबर से 4 अक्टूब 2026 तक होना है ।टोक्यो में 1958 और हिरोशिमा में 1994 के बाद नागोया एशियाई खेलों की मेजबानी करने वाला तीसरा जापानी शहर होगा । खेल मंत्रालय ने बुधवार 24 सितंबर 2025 को आइची–नागोया एशियाड के लिए व्यक्तिगत एथलीटों और टीमों की पात्रता के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए ।ताजा स्थिति के अनुसार, एशिया में 24वें स्थान पर काबिज फुटबॉल टीम उन सख्त मानदंडों को पूरा नहीं करती है जिनके अनुसार केवल पदक जीतने की क्षमता रखने वाली टीमों और एथलीटों को ही इस महाआयोजन में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना जाएगा ।बता दें कि, खेल मंत्रालय की तरफ से जारी परिपत्र में कहा गया है कि फुटबॉल और हॉकी जैसे टीम खेलों और रिले, युगल और मिश्रित युगल जैसी टीम स्पर्धाओं के लिए मानक एशियाई चैंपियनशिप में शीर्ष आठ में स्थान या एशिया में टॉप 8 रैंकिंग होगी ।



# मनोज बाजपेयी ने किया कन्फर्म 'द फैमिली मैन' के सीजन 3 पर चल रहा काम

अभिनेता मनोज बाजपेयी की मशहूर वेब सीरीज 'द फैमिली मैन' को रिलीज हुए शनिवार को 6 साल पूरे हो गए। इस अवसर पर अभिनेता ने सीरीज से जुड़ी कुछ तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर कीं। साथ ही मनोज ने तीसरे सीजन को लेकर भी एक महत्वपूर्ण अपडेट फैंस के साथ साझा की। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता मनोज बाजपेयी ने इंस्टाग्राम पर शो के पहले भाग की कई तस्वीरें साझा की हैं। इन्हें शेयर करते हुए मनोज बाजपेयी ने कैप्शन में लिखा- द फैमिली मैन सीजन 1 को रिलीज हुए 6 साल हो गए हैं और यह एक कल्ट क्लासिक बन गया है। सीजन 3 का क्या? बस समझ लो ऑपरेशन जारी है।

इस सीरीज का पहला पार्ट 2018 में रिलीज हुआ था। यह एक स्पाई एक्शन-थ्रिलर स्ट्रीमिंग वेब सीरीज है। इसके निर्माता राज और डीके हैं। सीरीज में मनोज बाजपेयी ने श्रीकांत तिवारी का रोल प्ले किया है, जो एक मध्यमवर्गीय व्यक्ति हैं और राष्ट्रीय जांच एजेंसी में काम करते हैं। वह इसमें थ्रेट एनालिसिस एंड सर्विलांस सेल (टीएएससी) के एक खुफिया एजेंट के रूप में लोगों को बहुत पसंद आए। पहले सीजन में प्रियामणि, शरद केलकर, नीरज माधव, शारिब हाशमी, दलीप ताहिल, सनी हिंदुजा और श्रेया धनवंतरी जैसे सितारे दिखाई दिए। अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु को इस सीरीज के दूसरे सीजन में खलनायक की भूमिका में काफी पसंद किया गया। दूसरे सीजन में श्रीकांत तिवारी टीएएससी छोड़कर परिवार के साथ रहने लगते हैं, लेकिन जैसे ही देश पर खतरा मंडराने लगता है, तो वह नौकरी छोड़ फिर से फोर्स में चले जाते हैं। अब इसके तीसरे सीजन का इंतजार दर्शकों को है। बताया जा रहा है कि इसे इस साल अक्टूबर के अंत तक रिलीज किया जा सकता है। तीसरे सीजन में जयदीप अहलावत खलनायक की भूमिका में दिखाई देंगे। मनोज बाजपेयी को पिछली बार फिल्म इंस्पेक्टर जेंडे में देखा गया था। इसमें वे लीड रोल में थे। फिल्म में जिम सर्भ, सचिन खेडेकर, गिरिजा ओक और भालचंद्र कदम जैसे कलाकार भी अहम किरदार में दिखाई दिए। इसी के साथ ही उनकी फिल्म जुगनुमा हाल ही में रिलीज हुई है। इस फिल्म को राम रेड्डी ने डायरेक्ट किया है।



# टीवी इंडस्ट्री के थकाऊ वर्क कल्चर पर बोलीं नायरा बनर्जी

टीवी और फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस नायरा बनर्जी ने टीवी इंडस्ट्री के थकाऊ वर्क कल्चर पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे लंबे समय तक शूटिंग करने से कलाकारों की सेहत, नींद और परफॉर्मेंस पर असर पड़ता है। नायरा बनर्जी ने कहा है कि एक्टर्स को अच्छा काम तभी मिल सकता है जब वे मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें। हफ्ते में एक दिन की छुट्टी या कम से कम आधे दिन का ब्रेक जरूरी होना चाहिए ताकि कलाकार अपने परिवार, निजी जिंदगी और खुद के लिए समय निकाल सकें।

उन्होंने बताया कि बिना आराम के कोई भी कलाकार अपने किरदार को पूरी ऊर्जा और भावनाओं के साथ नहीं निभा सकता। नायरा बनर्जी ने कहा, टीवी इंडस्ट्री में 15-15 घंटे की शूटिंग आम बात है, जो बेहद थकाऊ होती है। जब भी मैं कोई नया शो साइन करती हूं, तो पहले ही यह तय कर लेती हूं कि हफ्ते में कम से कम एक दिन की छुट्टी जरूर मिले। मैं चाहती हूं कि काम और जिंदगी के बीच एक संतुलन बना रहे, ताकि ना सिर्फ मेरा प्रोफेशनल काम अच्छा हो बल्कि मेरी पर्सनल लाइफ भी ठीक चले। अगर एक्टर्स को खुद के लिए समय नहीं मिलेगा, तो नतीजे उनके काम और सेहत दोनों पर नजर आएंगे।

जब उनसे पूछा गया कि क्या वह इस समय कोई टीवी शो करना चाहेंगी, तो उन्होंने कहा, हां, लेकिन सिर्फ अपनी शर्तों पर। अगर रोल दमदार हो, शूटिंग की जगह पास में हो जैसे कि फिल्म सिटी, डायरेक्टर अच्छा हो, चैनल भरोसेमंद हो, और मेहनताना ठीक-ठाक हो, तो मैं शो करने के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा कि वह अब समझदारी से प्रोजेक्ट्स चुनती हैं और किसी भी तरह के दबाव में आकर काम नहीं करना चाहतीं।

अपने करियर के बारे में बात करते हुए नायरा बनर्जी ने कहा, मैं खुद को लकी मानती हूं क्योंकि मुझे कभी किसी एक छवि में नहीं बांधा गया। इंडस्ट्री में अक्सर एक्टर्स को टाइपकास्ट कर दिया जाता है, लेकिन मैंने टीवी, साउथ इंडियन फिल्म्स और वेब सीरीज तीनों में काम किया है। इसी वजह से मुझे कभी सिर्फ टीवी एक्ट्रेस या साउथ एक्ट्रेस नहीं कहा गया। मैंने हर मीडियम में काम करके खुद को साबित किया है। नायरा बनर्जी का मानना है कि आज के समय में हर प्लेटफॉर्म की अपनी खास ऑडियंस है। उन्होंने कहा, मुझे एक्टिंग से प्यार है, और मैं हर उस काम को करना चाहती हूं जो मुझे एक कलाकार के रूप में चुनौती दे। चाहे वह वेब सीरीज हो, फिल्म हो या टीवी शो, अगर कंटेंट अच्छा है और किरदार में दम है, तो मैं जरूर उस प्रोजेक्ट को चुनूंगी।



# उम्र संबंधी सवाल पर भड़कीं लक्ष्मी मांचू

अभिनेत्री लक्ष्मी मांचू ने तेलंगाना फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स (टीएफसीसी) में औपचारिक रूप से एक शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि एक पत्रकार ने हाल ही में एक प्रचार कार्यक्रम के दौरान उनके रूप और उम्र को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की। अभिनेत्री ने पत्रकार पर 47 साल की उम्र में उनके पहनावे के बारे में सवाल करने पर अपमान और अनादर का आरोप लगाया है।

### जवाबदेह ठहराए जाने की मांग की

खबरों के मुताबिक मांचू ने टीएफसीसी को एक लिखित बयान सौंपकर अपने साथ हुए व्यवहार के बारे में बताया। उन्होंने दावा किया कि ये टिप्पणियां न केवल शर्मसार करने वाली थीं, बल्कि अपमानजनक भी थीं। अभिनेत्री ने चैंबर से अनुरोध किया है कि वह इस घटना का संज्ञान ले और पत्रकार को जवाबदेह ठहराए।

### अभिनेत्री ने लिखा खत

अपने लिखित बयान में अभिनेत्री ने लिखा भारत एक ऐसा देश है जो महिलाओं को शक्ति के रूप में पूजता है, फिर भी जब हम काम करने के लिए बाहर निकलते हैं, तो हमें अपमान और अनादर का सामना करना पड़ता है। यह जारी नहीं रह सकता। मैं न केवल खुद के प्रति, बल्कि उन सभी महिलाओं के प्रति भी ऋणी हूं जो मुझसे प्रेरणा लेती हैं कि मैं इस मुद्दे को उठाऊं।

### उम्र संबंधी सवाल पर नाराज हुई अभिनेत्री

हाल ही में एक प्रमोशनल इवेंट में एक पत्रकार ने लक्ष्मी मांचू से 47 साल की उम्र में उनके पहनावे के बारे में पूछा। इस सवाल से अभिनेत्री नाराज हो गई और उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए पूछा कि क्या वह पुरुष अभिनेता से भी यही सवाल पूछेंगे।

### सुर्खियों में रही हैं लक्ष्मी

अभिनेत्री लक्ष्मी मांचू हाल ही में तब सुर्खियों में आईं जब ईडी ने उनसे एक अवैध सट्टेबाजी ऐप को बढ़ावा देने के मामले में पूछताछ की। लक्ष्मी मांचू ही एकमात्र सेलेब्रिटी नहीं हैं जो जांच के घेरे में हैं। इस मामले में अभिनेता प्रकाश राज, विजय देवरकोंडा और राणा दग्गुबाती से भी पूछताछ की जा चुकी है।



# इंसानियत को कभी नहीं भूलना शाहरुख की सबसे बेहतरीन बात

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की पहली सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड रिलीज हो चुकी है। इसमें बॉबी देओल एक सुपरस्टार अजय तलवार की भूमिका निभा रहे हैं। बॉबी देओल और शाहरुख खान की दोस्ती बहुत पुरानी है। सीरीज के प्रमोशन के दौरान बॉबी देओल ने आईएएनएस से अपनी 3 दशक पुरानी दोस्ती पर बात की। बॉबी देओल ने कहा, शाहरुख जिस तरह के इंसान हैं, यही वजह है कि आज वे इस मुकाम पर हैं। वह जमीन से जुड़े हुए हैं और परिवार को लेकर बहुत सजग रहते हैं। मुझे यकीन है कि बस एक ही बात उन्हें आगे बढ़ने में मदद करती है, वह यह कि वह अपने परिवार के लिए हमेशा मौजूद रहना चाहते हैं और मुझे लगता है कि हर माता-पिता में यही समानता होती है। हालांकि इन 30 सालों में हम कभी एक-दूसरे के ज्यादा संपर्क में नहीं रहे, लेकिन जब भी हम मिलते हैं तब ऐसा नहीं लगता कि हम लंबे समय बाद मिल रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा, हर बार शाहरुख आपको बहुत खास महसूस कराते हैं। वह हमेशा आपको प्यार और स्नेह देते हैं और ये बहुत मायने रखता है। इसका बहुत मतलब है। वह हमेशा अपनी सीमा से हटकर काम करते हैं। वह सबसे अच्छे और दयालु इंसान हैं, भले ही वह इतने बड़े स्टार बन गए हों। बॉबी देओल कहते हैं, उन्होंने वह गुण नहीं खोया। मुझे लगता है कि यह बात शो में मेरे सह-कलाकारों समेत सभी को जो उनसे प्रेरणा लेते हैं, ध्यान में रखनी चाहिए कि अपनी इंसानियत कभी न खोएं। मुझे लगता है कि शाहरुख के बारे में यही अविश्वसनीय और बेहतरीन बात है।

इससे पहले बॉबी देओल ने कहा था कि इस सीरीज के लिए उन्होंने बिना स्क्रिप्ट पढ़े ही हां कर दिया था। लेकिन इसके निर्देशक आर्यन खान ने स्क्रिप्ट सुनने पर जोर दिया तो वह उनसे मिलने गए थे। यह मीटिंग 7 घंटे तक चली थी। इस दौरान उन्हें समय का पता ही नहीं चला। द बैड्स ऑफ बॉलीवुड नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। इसे गौरी खान ने प्रोड्यूस किया है। आर्यन खान ने बिलाल सिद्दीकी और मानव चौहान के साथ मिलकर इसकी कहानी लिखी है।





# अक्षय-सैफ की फिल्म हैवान में कैमियो करेंगे मोहनलाल

**मशहूर निर्देशक प्रियदर्शन इन दिनों अपनी अपकमिंग हिंदी फिल्म हैवान में व्यस्त हैं। फिल्म में अक्षय कुमार और सैफ अली खान मुख्य भूमिकाओं में होंगे। एक इंटरव्यू में फिल्म निर्माता ने आखिरकार फिल्म के बारे में एक बड़ी अपडेट दी है। उन्होंने बताया है कि मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल इस फिल्म में नजर आएंगे। उन्होंने उनके किरदार को लेकर भी बात की है।**

### कहानी पर ध्यान देते हैं प्रियदर्शन

हाल ही में बातचीत में प्रियदर्शन से पूछा गया कि क्या वह अक्षय और मोहनलाल के साथ एक पूरी फिल्म बनाने की सोच रहे हैं? इस पर प्रियदर्शन ने कहा अगर आप मुझसे हैवान के बारे में पूछ रहे हैं, तो मोहनलाल उस फिल्म में हैं। हालांकि वह कौन सा किरदार निभा रहे हैं, इस पर मैं अभी कुछ नहीं कहना चाहता। जब भी मैं कोई फिल्म बनाता हूं, तो मुझे कहानी ही उत्साहित करती है। मैं कभी भी कलाकारों के बारे में नहीं सोचता।

### कलाकारों के पीछे नहीं भागते प्रियदर्शन

प्रियदर्शन ने आगे कहा फिल्म बनाने के लिए सबसे पहले स्क्रिप्ट होती है। फिर एक्टर आते हैं। मैं यह नहीं कह सकता कि मैं मोहनलाल और अक्षय कुमार को साथ लेकर फिल्म बनाऊंगा। अगर आप अभिनेता को ध्यान में रखकर फिल्म बनाएंगे तो आपको कभी स्क्रिप्ट ही नहीं मिलेगी। जब भी आपको कोई स्क्रिप्ट मिले, तो सही कलाकारों के पीछे लग जाएं। यही फिल्म बनाने का सही तरीका है।

### हेरा फेरी 3 फिल्म विवाद पर तोड़ी चुप्पी

बॉलीवुड की पॉपुलर फ्रेंचाइजी हेरा फेरी की आगामी फिल्म हेरा फेरी 3 का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है। बीते महीनों इस फिल्म को लेकर काफी विवाद हुआ था, जिसकी मुख्य वजह परेश रावल थे, क्योंकि उन्होंने अचानक फिल्म छोड़ने का मन बना लिया था। हालांकि बाद में सब कुछ ठीक हो गया था। इस मामले पर बीते दिनों परेश रावल ने प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा, 'मुझे और परेश को कभी कोई समस्या नहीं हुई। जहां तक मुझे पता है, अक्षय और परेश को भी कभी कोई दिक्कत नहीं हुई। कुछ और लोग थे, जो परेश पर दबाव बना रहे थे। परेश रावल एक ऐसे इंसान हैं, जैसे आप जानते हैं कि जो लोग डरते हैं कि मैं बीमार हूं और इसे लेकर बहुत ज्यादा परेशान हो जाते हैं। हालांकि समस्या कोई और है। इसलिए वो डरते हैं, लेकिन हमारे रिश्ते पर इसका कोई असर नहीं हुआ।'

### हैवान के बारे में

प्रियदर्शन के निर्देशन में अक्षय कुमार और सैफ अली खान की जोड़ी वाली अपकमिंग फिल्म हैवान बन रही है। मोहनलाल इसमें कैमियो रोल करेंगे। यह फिल्म मोहनलाल की फिल्म ओप्पम (2016) पर आधारित बताई जा रही है। हैवान ने पहले ही सुर्खियां बटोर ली हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें समुथिरकानी, सैयामी खेर, श्रेया पिलगांवकर, असरानी और ईनार हेराल्डसन भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।



स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।
संपादक- अनुज कुमार, R.N.I.No.- UPHIN/25/RAA18, मो0.945688 4327 , E-mail- officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।